www.tamsasanket.com
वर्षः 30 || अंक 292 ||अम्बेडकरनगर
शनिवार
17 जनवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com
दैनिक तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदयः 06:57
सूर्यास्तः 05:36
अधिकतमः 18:00
न्यूनतमः 09:00



पेज 07

विशेष समाचार | अमेरिकी चक्रव्यूह में फंसे ईरान... >> पेज 04 | बदायूं में प्रभात फेरी निकालने... >> पेज 06 | सामंथा ने पति राज के साथ...

# 'ठाकरे ब्रांड' का आखिरी किला भी ढहा

## मुंबई महानगरपालिका में बनेगा भाजपा का मेयर



बीएमसी चुनाव में एआईएमआईएमकी प्रत्याशी खैरुनिशा अकबर हुसैन ने वार्ड नंबर 145 से जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि यह जीत लोगों की है, सिर्फ मेरी नहीं है। हमने जो भी मुद्दे उठाए थे, हम उन सभी पर काम करेंगे।

**परिणाम**

तमसा संकेत, एजेंसी

मुंबई। मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के ऐतिहासिक चुनावी नतीजों ने महाराष्ट्र की राजनीति में एक नए युग की शुरुआत कर दी है। तीन दशकों से मुंबई की सत्ता पर काबिज 'मातोश्री' का वर्चस्व आखिरकार समाप्त हो गया है। शुक्रवार को घोषित परिणामों में भाजपा-शिंदे गठबंधन (महायुति) ने प्रचंड बहुमत हासिल कर ठाकरे परिवार के 'आखिरी किले' को ध्वस्त कर दिया है।

अब यह साफ हो गया है कि देश के सबसे अमीर नगर निकाय में इस बार भाजपा का मेयर बैठेगा। बीएमसी के साथ ही हुए महाराष्ट्र की अन्य 28 महानगरपालिकाओं के चुनाव में से भी अधिसंख्य के परिणाम भाजपा के ही पक्ष में आए हैं।

उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) और उनके चचेरे भाई राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) को मिलाकर 73 सीटें मिली हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

> वरिष्ठ पत्रकार संदीप सोनवलकर ने कहा कि मुंबई बीएमसी का मेयर किस कैटेगरी का होगा इसे लॉटरी सिस्टम से तय किया जाएगा। जैसे यह सीट महिला, ओबीसी या एससी होगी या ओपन रहेगी इसका फैसला चुनाव आयोग लाटरी सिस्टम के माध्यम से करेगा।

महाराष्ट्र नगर निगम रिजल्ट-29 में 23 निगमों में बीजेपी+ आगे, मुंबई में भाजपा गठबंधन को बढ़त, राउत का आरोप- 100 वार्डों में गिनती शुरू नहीं हुई

### जनता ने उद्धव-राज को सबक सिखाया



BMC चुनाव पर बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने कहा- मुंबईकर सालों से बहुत कुछ करना चाहते थे, लेकिन यह माफिया चाहे वह राज ठाकरे हों या उद्धव ठाकरे, उन्हें धमकाते और डराते थे। आज मुंबई के लोगों ने उन्हें सबक सिखाया। उसने अपने ही पिता को धोखा दिया। आखिर में उद्धव ठाकरे की इज्जत किसने बचाई थी? मुसलमानों और बांग्लादेशियों ने। आखिर में उसे अल्लाह की शरण लेनी पड़ी।




### सीएम फडणवीस बोले- हम 25 मेयर बनाने जा रहे हैं

महाराष्ट्र निकाय चुनावों पर सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा- हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास के विजन के साथ ये चुनाव लड़ा। इसीलिए हमें इन चुनावों में रिकॉर्ड तोड़ जनादेश मिला है। इन नतीजों से साफ हो गया है कि महाराष्ट्र पीएम मोदी पर बहुत भरोसा करता है। भाजपा और महायुति 25 मेयर बनाने जा रही है।

- भाजपा-शिंदे गठबंधन ने बीएमसी चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की।
- ठाकरे परिवार का मुंबई महानगरपालिका पर तीन दशक का वर्चस्व खत्म।
- देश के सबसे अमीर नगर निकाय में अब भाजपा का मेयर।



मुंबई में भाजपा ऑफिस में CM देवेंद्र फडणवीस का स्वागत हुआ।

### मोदी ने लिखा- थैंक्यू महाराष्ट्र, विकास का विजन लोगों को पसंद आया



पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राज्य के लोगों ने NDA के जन-समर्थक सुशासन के एजेंडे को आशीर्वाद दिया है। अलग-अलग नगर निगम चुनावों के नतीजे बताते हैं कि महाराष्ट्र के लोगों के साथ NDA का रिश्ता और मजबूत हुआ है। हमारा ट्रैक रिकॉर्ड और विकास का विजन लोगों को पसंद आया है। पूरे महाराष्ट्र के लोगों का मैं आभारी हूं। यह वोट प्रगति को गति देने और राज्य की शानदार संस्कृति का जश्न मनाने के लिए है। >> (शेष पेज 06 पर)



### देश के सबसे अमीर नगर निकाय में अब भाजपा का मेयर

बीएमसी का वार्षिक बजट 74,000 करोड़ से अधिक है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी बड़ा है। पिछले 28 सालों से इस तिजोरी की चाबी ठाकरे परिवार के पास थी। भाजपा ने इस बार 'भ्रष्टाचार मुक्त बीएमसी' और 'ट्रिपल इंजन सरकार' का नारा दिया था, जिसे मुंबई की जनता ने स्वीकार किया। विशेषकर गुजराती, उत्तर भारतीय और मध्यम वर्गीय मराठी मतदाताओं ने भाजपा के पक्ष में एकतरफा मतदान किया। दूसरी ओर शिवसेना का दो फाड़ होना उद्धव ठाकरे के लिए सबसे घातक साबित हुआ। कोस्टल रोड और मुंबई मेट्रो जैसे प्रोजेक्ट्स का श्रेय भाजपा-शिंदे सरकार ले जाने में सफल रही। >> (शेष पेज 06 पर)

- कुल 227 सीटों वाली बीएमसी में बहुमत के लिए 114 सीटों की आवश्यकता थी। ताजा आंकड़ों के अनुसार, भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने मिलकर 127 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसमें भाजपा को 97 एवं उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली शिवसेना को 30 सीटें हासिल हुई हैं।

# कांग्रेस का आरोप : भारत ने चाबहार पोर्ट से कंट्रोल छोड़ा

## ट्रम्प के दबाव में 1100 करोड़ बर्बाद किए

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने ट्रम्प के दबाव पर ईरान के चाबहार पोर्ट से कंट्रोल छोड़ दिया है। पार्टी ने एक्स पर लिखा- मोदी सरकार ने चाबहार प्रोजेक्ट में देश की जनता के 120 मिलियन डॉलर (करीब 1100 करोड़ रुपए) लगाए थे। अब ये बर्बाद हो चुके हैं। कांग्रेस के इस आरोप को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि ईरान के चाबहार पोर्ट से जुड़ी योजनाएं जारी हैं। इन्हें आगे बढ़ाने के लिए भारत, अमेरिका से बातचीत कर रहा है। अमेरिका ने भारत को ईरान पर लगे प्रतिबंधों के बावजूद चाबहार पोर्ट से जुड़े काम जारी रखने के लिए एक



- भारत को अक्टूबर में 6 महीने की छूट दी गई थी

खास सैंक्शन छूट दी है, जिसकी अवधि 26 अप्रैल 2026 को खत्म हो रही है। अमेरिकी सरकार ने पिछले साल 29 सितंबर को चाबहार पोर्ट के लिए 2018 में दी गई छूट वापस ले ली थी। यह छूट इसलिए दी गई थी ताकि ईरान पर प्रतिबंध होने के बावजूद भारत चाबहार पोर्ट पर काम कर सकें।

>> (शेष पेज 06 पर)

# सभी टोल प्लाजा कैशलेस नकद भुगतान होगा बंद

## सिर्फ फास्टैग या यूपीआई से टैक्स लिया जाएगा

**नियम**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । 1 अप्रैल से देश के सभी टोल प्लाजा कैशलेस हो जाएंगे। नए नियमों के लागू होने के बाद वाहन चालकों को टोल टैक्स चुकाने के लिए सिर्फ फास्टैग या UPI पेमेंट का ही इस्तेमाल करना होगा। यह जानकारी टीवी न्यूज चैनल आज तक को इंटरव्यू में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने दी। उन्होंने कहा कि टोल पर नकद (कैश) लेनदेन को पूरी तरह से बंद कर करने का फैसला लिया है। इस कदम का मुख्य उद्देश्य टोल नाकों




- ट्रैफिक जाम और समय की बर्बादी खत्म करने की कोशिश

पर लगने वाली लंबी लाइनों को खत्म करना और सफर को बाधा रहित बनाना है। इस 'नो-स्टॉप' सिस्टम का पायलट प्रोजेक्ट फिलहाल देश के 25 टोल प्लाजा पर टेस्ट किया जा रहा है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### बीजेपी को 20 जनवरी को नया अध्यक्ष मिलेगा

नई दिल्ली । भाजपा को 20 जनवरी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। पार्टी ने इसके लिए शुक्रवार को नोटिफिकेशन जारी किया। इसके मुताबिक 19 जनवरी को नामांकन भरा जाएगा। 20 जनवरी को नए पार्टी अध्यक्ष का ऐलान होगा।

**तनाव | आक्रोश**

### बंगाल के मुर्शिदाबाद में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेनें रोंकी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में एक प्रवासी मजदूर की झारखंड में मौत को लेकर हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को बेलडांगा रेलवे स्टेशन और राष्ट्रीय राजमार्ग 12 को जाम कर दिया, इससे उत्तर और दक्षिण बंगाल के बीच रेल और सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है।

प्रदर्शनकारियों ने रेलवे ट्रैक पर बैठकर घंटों विरोध किया और सड़क पर टायर जलाए। इस दौरान प्रदर्शनकारी भड़क उठे और एक महिला पत्रकार के साथ मारपीट भी की गई।

### गणतंत्र दिवस समारोह- बैठने वाली सीट के नाम नदियों पर

नई दिल्ली । गणतंत्र दिवस समारोह में केंद्र सरकार सालों से चले आ रहे VIP कल्चर को खत्म करने जा रही है। परेड देखने के लिए आए मेहमानों की कुर्सियों पर अब VVIP, VIP और डिग्निटी नहीं लिखा होगा। इसकी जगह नदियों के नामों का इस्तेमाल किया जाएगा। इसके अलावा बीटिंग रिट्रीट समारोह के लिए गैलरी का नाम संगीत वाद्ययंत्रों के नाम पर रखा है।

# टोल प्लाज़ा पर मारपीट मामले में एनएचएआई की सख्त कार्रवाई


## बारा टोल की एजेंसी का अनुबंध रद्द, ₹5.3 करोड़ जब्ती प्रस्ताव

**कार्रवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 14 जनवरी 2026 को उत्तर प्रदेश में एनएच-731 के लखनऊ–सुल्तानपुर खंड पर स्थित बारा फी प्लाज़ा पर एक राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ता के साथ कथित मारपीट की घटना के संबंध में यूज़र शुल्क संग्रहण एजेंसी एम/एस स्काईलार्क इन्फ्रा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड का अनुबंध समाप्त कर दिया है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एजेंसी को कारण बताओ नोटिस




जारी किया गया है, जिसमें घटना के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा गया है तथा कदाचार के लिए एजेंसी को एक वर्ष की अवधि के लिए एनएचएआई की किसी भी निविदा अथवा अनुबंध में भाग लेने से वंचित (डिबार) करने का प्रस्ताव किया गया है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### टोल एजेंसी का कॉन्ट्रैक्ट रद्द

अब NHAI ने पूरे घटनाक्रम पर कार्रवाई करते हुए संबंधित टोल एजेंसी मेसर्स स्काईलार्क इंफ्रा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड का कॉन्ट्रैक्ट तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है. साथ ही, गंभीर कॉन्ट्रैक्ट उल्लंघन को देखते हुए एजेंसी पर एक साल के लिए एनएचएआई की किसी भी भविष्य की बोली या कॉन्ट्रैक्ट में भाग लेने से रोक लगाई गई है. इसके अलावा, बारा फी प्लाजा के मौजूदा कॉन्ट्रैक्ट की जमा की गई 5.3 करोड़ की बैंक गारंटी को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है ।

# सीएम ने सिलिगुड़ी में महाकाल मंदिर का शिलान्यास किया

## बांग्लाभाषी मजदूर बीजेपी राज्यों में पीटे जा रहे : ममता

**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर का शिलान्यास किया। करीब 18 एकड़ जमीन पर तैयार हो रहा यह मंदिर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग के नाम से ही जाना जाएगा। कार्यक्रम में साधु-संत भी शामिल हुए।

शिलान्यास के बाद उन्होंने कहा- महाकाल महातीर्थ नाम का यह परिसर 17.41 एकड़ क्षेत्र में बनाया जाएगा। यह दुनियाभर में भगवान शिव के सबसे बड़े मंदिर परिसरों में से एक होगा। >> (शेष पेज 06 पर)



सिलिगुड़ी में महाकाल मंदिर का शिलान्यास करती हुईं सीएम ममता बनर्जी।

> बांग्ला भाषी मजदूरों के साथ अत्याचार भाजपा-शासित राज्यों में हो रहा है। फिर भाजपा कैसे सोचती है कि उसे बंगाल के लोगों का समर्थन मिलेगा? यह एक बेशर्म पार्टी है।
> - ममता

### बांग्ला भाषी मजदूरों को बीजेपी राज्यों में प्रताड़ित किया जा रहा

शिलान्यास के इस कार्यक्रम से पहले ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद के कार्यक्रम में कहा- बंगाली भाषा बोलने वाले प्रवासी मजदूरों को भाजपा शासित राज्यों में प्रताड़ित किया जा रहा है। असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली या बिहार में उन्हें पीटा जाता है।

### 30 दिसंबर को कोलकाता में 'दुर्गा आंगन' की नींव रखी

बीते 30 दिसंबर को कोलकाता के न्यू टाउन में ममता बनर्जी ने दुर्गा आंगन नाम के एक बड़े दुर्गा मंदिर और सांस्कृतिक परिसर की नींव रखी थी। यह देश का सबसे बड़ा दुर्गा मंदिर परिसर होगा। जो 15 एकड़ में बनकर तैयार होगा। इस मंदिर में रोजाना 1 लाख श्रद्धालु दर्शन कर पाएंगे।

मंदिर परिसर की नींव रखने के बाद ममता ने जनता को संबोधित किया। अपने ऊपर लगे तुष्टीकरण के आरोपों का जवाब दिया।

>> (शेष पेज 06 पर)

**उत्साह :** सीएम योगी ने खेला बास्केटबॉल, शॉट पर गूंज उठी तालियां

# महिला प्रतियोगिता का उद्घाटन

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, गोरखपुर, लखनऊ। योगी ने गोरखपुर में बास्केटबॉल खेला। उन्होंने खिलाड़ियों की तरह 2 बार बॉल को बास्केटबॉल कोर्ट में पटका, फिर बास्केट में उछाल दी। इसके साथ ही सीएम ने अंतर-विश्वविद्यालय महिला बास्केटबॉल टूर्नामेंट की शुरुआत की। सीएम ने खिलाड़ियों से परिचय भी जाना और गैस गुब्बारे आसमान में छोड़े। सीएम ने कहा 2014 से पहले खेलकूद प्रतियोगिताएं सरकार के एजेंडे में नहीं रहती थीं। खिलाड़ी या तो पलायन करते थे, या कुंठित होकर हताश बैठे रहते थे। आज हम गांव-गांव तक खेलकूद प्रतियोगिताएं करा रहे हैं। जीवन के



जितने भी साधन हैं, वे सब स्वस्थ शरीर से ही प्राप्त किए जा सकते हैं। स्वस्थ शरीर तभी होगा, जब वह नियम और संयम में रहेगा। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में बास्केटबॉल महिला टूर्नामेंट 15 से 19 जनवरी तक होगा। इसमें पूर्वी क्षेत्र के 14 राज्यों की कुल 31 विश्वविद्यालय टीमें हिस्सा ले रही हैं। योगी ने कहा- मैं सभी विश्वविद्यालयों से अपील करता हूं कि कम से कम एक खेल को गोद लेकर उसके लिए खिलाड़ियों को तैयार करें। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करें। ऐसा हुआ तो युवा नशे से दूर रहेगा और तमाम विकृतियों से भी दूर रहेगा। युवा खेलेगा तो खिलेगा। >> (शेष पेज 06 पर)

### हमने 500 से अधिक खिलाड़ियों को नौकरी दी

सीएम योगी ने कहा- यूपी में हम हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान बना रहे हैं। अब केवल ओलिंपिक, कॉमनवेल्थ और एशियाड में मेडल पाने वाले खिलाड़ियों को ही भारत सरकार पुरस्कार नहीं देती, बल्कि प्रदेश सरकारें भी अब पुरस्कार देती हैं। अब तक हम 500 से अधिक खिलाड़ियों को प्रदेश के अलग-अलग विभागों में नौकरी दे चुके हैं। डिप्टी एसपी, तहसीलदार और क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी के 6 पद सीधे खिलाड़ियों को दे रहे हैं। खेलकूद की गतिविधियां केवल एक आधार न बनें, यह केवल औपचारिकता न रहे, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए।

>> (शेष पेज 06 पर)



### 2036 ओलिंपिक भारत में हो, यह हमारी कामना

सीएम योगी ने कहा- जब भी कोई भारतीय टीम कहीं जाती है तो उसे हर तरह का प्रोत्साहन प्रधानमंत्री द्वारा दिया जाता है। जीतकर आने पर वे स्वयं सबसे मिलते हैं। 2030 में भारत में कॉमनवेल्थ के लिए हमें आज से ही तैयारी करनी होगी। 2036 का ओलिंपिक पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत में हो, यह हम सबकी कामना है।

>> (शेष पेज 06 पर)

# दिल्ली ब्लास्ट से जुड़ी अल-फलाह यूनिवर्सिटी पर ईडी का एक्शन

## चेयरमैन के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल

**शिकंजा**

तमसा संकेत, एजेंसी

फरीदाबाद । प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने शुक्रवार को दिल्ली ब्लास्ट केस से जुड़ी फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी की करीब 140 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच की हैं। साथ ही अल-फलाह ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी और उसके ट्रस्ट के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल की है।

अटैच की गई संपत्तियों में फरीदाबाद के धौज क्षेत्र में 54 एकड़ जमीन, यूनिवर्सिटी की इमारत, स्कूलों और विभागों की इमारतें और हॉस्टल शामिल हैं। ED ने इन्हें अपराध की आय की श्रेणी में रखा है। ये कार्रवाई धन शोधन निवारण




जवाद अहमद सिद्दीकी

- 140 करोड़ की संपत्ति अटैच की
- 9 शेल कंपनियां एक ही पते पर पाई गईं

अधिनियम के तहत की गई है। अल-फलाह यूनिवर्सिटी का नाम दिल्ली ब्लास्ट से जुड़ा था। यूनिवर्सिटी के डॉक्टर उमर उन नबी ने 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किले के पास चलती हुई कार में धमाका किया था, इसमें 15 लोगों की मौत हुई थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

## इंडिया फूड एक्स्पो -निवेश, नवाचार और रोजगार के नए अवसरों के द्वार खोलेगा

# ‘देश का खाद्य प्रसंस्करण हब यूपी को बनाना है’

**संबोधन**

- युवा और उद्यमी इण्डिया एक्स्पो -2026 का लाभ उठायें
- उत्तर प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण पालिसी
- देश की सबसे अच्छी पालिसी है



**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश को देश का खाद्य प्रसंस्करण हब बनाना है।

युवा और उद्यमी इण्डिया फूड एक्स्पो -2026 का लाभ उठायें।उत्तर प्रदेश की खाद्य प्रसंस्करण पालिसी देश की सबसे अच्छी पालिसी है। विकसित भारत के प्रधानमंत्री जी के विजन को हर हाल मे पूरा करना है, इसके लिए हम सबको संकल्पबद्ध होकर काम करना है।श्री केशव प्रसाद मौर्य आज रिगेलिया ग्रीन्स ( निकट 1090 चौराहा) गोमती नगर मे आयोजित तीन दिवसीय इण्डिया फूड एक्सपो एवं सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होने एक्सपो व प्रदर्शनी का उद्घाटन किया व प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने इण्डस्ट्रियल डायरेक्ट्री का विमोचन भी किया गया। सेमिनार मे पी एम एफ एम ई योजना के उत्कृष्ट कार्यो के लिए डी आर पी, बैंकर्स, उद्यमियो व लाभार्थियों को उप मुख्यमंत्री द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किये।



### इंडिया फूड एक्स्पो निवेश, नवाचार और रोजगार के नए अवसरों का द्वार खोलेगा

प्रदेश सरकार हर निवेशक और उद्यमी के साथ मजबूती से खड़ी है।उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 खाद्य प्रसंस्करण, कृषि और उद्योग के बीच मजबूत सेतु का कार्य कर रही है।उ.प्र. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 को निवेशकों के अनुकूल बनाया गया है।

भूमि खरीद, स्टाम्प शुल्क, मंडी शुल्क, बाह्य विकास शुल्क एवं भूमि उपयोग परिवर्तन में व्यापक छूट है।संयंत्र, मशीनरी व तकनीकी सिविल कार्यों पर 35% तक पूंजीगत सब्सिडी दी जा रही है।कोल्ड चेन, वैल्यू एडिशन, रीफर वाहन, सोलर ऊर्जा एवं निर्यात परिवहन पर विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है।प्रदेश को खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों के लिए एकीकृत बाजार क्षेत्र के रूप में विकसित किया गया है।

> स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत को ध्यान मे रखते हुये उत्पादो को तैयार करना है। तीन दिवसीय इण्डिया फूड एक्स्पो मे सभी लोग खाद्य प्रसंस्करण उद्यमो को बढ़ावा देने की चर्चा करे, सरकार से जो अपेक्षायें हो, उनके बारे मे सभी लोगो के साथ बैठकर विचार किया जायेगा। सरकार उद्यमियो के साथ हर मोड़ पर खड़ी है और हर प्रकार का सहयोग करती रही है और आगे भी करती रहेगी



- विकसित भारत के प्रधानमंत्री जी के विजन को हर हाल मे पूरा करना है, इसके लिए हम सबको संकल्पबद्ध होकर काम करना है - केशव प्रसाद मौर्य

### देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही

सेमिनार को सम्बोधित करते हुये श्री मौर्य ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है। उत्पादन,तकनीक, ब्रांडिंग और उपभोक्ताओ के जरिए किसानो की भी आमदनी बढ़ाना है और भारत को दुनिया की एक नम्बर की अर्थव्यवस्था बनना है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त है। आद्योगिक निवेश का बहुत अच्छा माहौल है। भारत दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनने की ओर अग्रसर है। युवाओं, उद्यमियो, किसानो की दृष्टि से यह बहुत अच्छा अवसर है। उत्तर प्रदेश मे खाद्य प्रसंकरण नीति मे महिलाओ को उद्यम लगाने मे विशेष सुविधाएं दिये जाने का प्राविधान किया गया है, महिलाओ द्वारा उद्यम लगाने पर सोलर ऊर्जा से जोड़ने पर 90 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### हयात रीजेंसी होटल में सीनियर मैनेजर की मौत

लखनऊ । लखनऊ के विभूति खंड स्थित होटल हयात रीजेंसी होटल में बजाज फाइनेंस कंपनी के एक सीनियर मैनेजर का शव कमरे के अंदर संदिग्ध हालात में मिलने से हड़कंप मच गया। शुक्रवार को होटल से चेक आउट करना था। होटल हयात रीजेंसी में ठहरे बजाज फाइनेंस के सीनियर मैनेजर मोहम्मद फहीमुद्दीन (47) का शव शुक्रवार सुबह होटल के कमरे में पाया गया।

### भीषण आग, अपार्टमेंट से कूदा युवक

लखनऊ । लखनऊ में शुक्रवार दोपहर चार मंजिला बिल्डिंग में आग लग गई। घरों में धुआं भर गया। लोगों का दम घुटने लगा। चीखते-चिल्लाते हुए बाहर भागे। लोगों ने शोर मचाकर आसपास के घरों को खाली कराया। लेकिन एक लड़का अपार्टमेंट में फंस गया। उसने बालकनी से कूदकर अपनी जान बचाई। वह करीब 10 मिनट तक बालकनी से लटका रहा।

आग इतनी भीषण थी कि घर में रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। मामला ठाकुरगंज इलाके के बसंत कुंज का है। आग अपार्टमेंट के ब्लॉक-39 के पहली मंजिल पर स्थित फ्लैट में लगी थी।

### 30 साल के लड़के की हत्या, शव फेंका

लखनऊ । लखनऊ में एक युवक का जंगल में शव मिला। उसकी पहचान 30 वर्षीय राजेंद्र कुमार के रूप में हुई। परिजनों ने हत्या करके शव को जंगल में फेंकने की बात कही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की है। घटना बंथरा थाना क्षेत्र के अमावा जंगल की है। सहिजनपुर, बंथरा निवासी राजेंद्र कुमार गुरुवार सुबह करीब 9 बजे से लापता था। शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे उनका शव घर से करीब 3 किलोमीटर दूर अमावा जंगल में मिला।

# निर्माण श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं का हुआ व्यापक प्रचार

### रकाबगंज व इंदिरा नगर लेबर अड्डों पर पंजीयन शिविर आयोजित

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उ०प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा शुक्रवार को लेबर अड्डा रकाबगंज एवं लेबर अड्डा इंदिरा नगर, लखनऊ में बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के हितार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जागरूकता अभियान एवं पंजीयन/नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य श्रमिकों को बोर्ड की योजनाओं की जानकारी देना तथा पात्र श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाना रहा। शिविर में कन्या विवाह सहायता योजना, मातृत्व, शिशु एवं बालिका मदद योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना, निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना, गंभीर बीमारी सहायता योजना तथा अटल आवासीय विद्यालय योजना के संबंध में श्रमिकों को विस्तार से जानकारी दी गई। विज्ञान फाउंडेशन एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के सहयोग से आयोजित इस शिविर में श्रम प्रवर्तन अधिकारी राम कुमार एवं राकेश कुमार पाल की उपस्थिति में बोर्ड की योजनाओं के पम्पलेट वितरित किए गए तथा मौके पर पाए गए पात्र श्रमिकों का पंजीकरण भी कराया गया। अपर श्रमायुक्त, लखनऊ क्षेत्र कल्पना श्रीवास्तव ने बताया कि बोर्ड द्वारा संचालित किसी भी सशर्त योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए निर्माण श्रमिक का बोर्ड में पंजीकृत होना तथा पंजीयन का नियमानुसार नवीनीकरण होना अनिवार्य है।



> शिविर के दौरान विशेष रूप से अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा-06 एवं कक्षा-09 में प्रवेश के लिए बोर्ड के अंतर्गत न्यूनतम तीन वर्ष की अवधि पूर्ण कर चुके श्रमिकों को अधिकाधिक आवेदन भरने के लिए प्रेरित किया गया।

## हजारों विद्यार्थियों को मिलेगा तकनीक आधारित शिक्षण का लाभ

# डिजिटल शिक्षा को नई गति

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार का सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग प्रदेश में तकनीक आधारित शिक्षा को सशक्त करने तथा डिजिटल उत्तर प्रदेश के विजन को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रहा है। इसी क्रम में माननीय कैबिनेट मंत्री, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, उत्तर प्रदेश सरकार श्री सुनील कुमार शर्मा ने गाजियाबाद में सरकारी विद्यालयों के लिए डिजिटल स्मार्ट कक्षाओं का शुभारंभ किया। यह पहल मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड द्वारा अपनी प्रमुख कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल ‘काइंडकेयर’ के अंतर्गत तथा सीड्स इम्पैक्ट के सहयोग से क्रियान्वित की जा रही है। इसका उद्देश्य सरकारी विद्यालयों में समावेशी, गुणवत्तापूर्ण एवं तकनीक-सक्षम शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना है। इस अवसर पर माननीय मंत्री श्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में तकनीक के अधिकतम उपयोग को लेकर प्रतिबद्ध है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के माध्यम से राज्य के सरकारी विद्यालयों में डिजिटल सुविधाएं उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल स्मार्ट कक्षाएं छात्रों की सीखने की क्षमता को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नवाचार और आधुनिक ज्ञान से जोड़ने का कार्य करेंगी। अब तक 2400 से अधिक शिक्षकों को डिजिटल शिक्षण उपकरणों के प्रभावी उपयोग हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में व्यावहारिक अभ्यास, कक्षा अनुकरण तथा सतत तकनीकी सहयोग शामिल है, जिससे डिजिटल शिक्षा का दीर्घकालिक और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।




> डिजिटल उत्तर प्रदेश की दिशा में बड़ा कदमः आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने किया स्मार्ट कक्षाओं का शुभारंभ
> 400 सरकारी विद्यालयों में 460 डिजिटल स्मार्ट कक्षाएं

### 460 डिजिटल स्मार्ट कक्षाएं संचालित की जा चुकी

डिजिटल स्मार्ट कक्षा पहल के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 400 सरकारी विद्यालयों को लक्षित किया गया है, जिनमें अब तक 460 डिजिटल स्मार्ट कक्षाएं संचालित की जा चुकी हैं। इन कक्षाओं के माध्यम से हजारों छात्र-छात्राओं को पाठ्यक्रम आधारित ऑडियो-विजुअल शिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। ‘के-यान’ जैसे आधुनिक डिजिटल उपकरणों के माध्यम से विषयों को सरल, रोचक और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों की समझ और सहभागिता में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

## जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं में तेजी शासन की प्राथमिकता : ए के शर्मा

# शहरी विकास योजनाओं को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश

- नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने नगर विकास विभाग के योजनाओं की समीक्षा की

**तमसा संकेत, संवाददाता**



लखनऊ । नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए के शर्मा ने संगम सभागार, लखनऊ में नगर विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की भौतिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शहरी विकास से जुड़ी योजनाएं सरकार की प्राथमिकता हैं और इनमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।मंत्री श्री शर्मा ने स्मार्ट सिटी मिशन, गौशाला, डॉग शेल्टर, आकांक्षी नगर योजना, वैश्विक नगरोदय योजना, मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना, सीएम ग्रिड योजना, स्मार्ट पालिका, पंडित दीनदयाल नगरीय विकास योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं में कार्य की गति तेज की जाए और उनके परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दें। बैठक में जल निकासी व्यवस्था, झील, तालाब, पोखर, वंदन एवं अंत्येष्टि स्थलों से संबंधित कार्यों में पुनर्विनियोग करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही कैडर रिव्यू एवं विभागीय कार्यवाहियों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी लेते हुए मंत्री श्री शर्मा ने इन मामलों में भी त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**आवासीय योजनाओं में सुधार पर विशेष जोर**

### अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

आवासीय योजनाओं की प्रगति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर मंत्री श्री शर्मा ने असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवासीय योजनाएं आम नागरिकों से सीधे जुड़ी हुई हैं, इसलिए इन योजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी जनहित के विपरीत है। इसके साथ ही मंत्री श्री शर्मा ने सीएम ग्रिड योजना को पालिका स्तर तक प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे शहरी आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जा सकेगा।मंत्री श्री शर्मा ने विशेष रूप से यह भी निर्देश दिए कि आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों से संबंधित फाइलें अनावश्यक रूप से लंबित न रखी जाएं।

### ऑर्डर के तनाव में सर्राफ ने किया सुसाइड

लखनऊ । लखनऊ में सर्राफा कारोबारी ने सुसाइड कर लिया। उनका शव घर के आंगन में मिला। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना गुरुवार रात सआदतगंज थाना क्षेत्र के चौपटिया में हुई।

मृतक सर्राफ की पहचान मनोज अग्रवाल के रूप में हुई। साथी सर्राफों का कहना है कि मनोज ने सहालग को लेकर पूर्व में कई बड़े ऑर्डर लिए थे। उस समय सोना-चांदी के दाम कम थे। अब सहालग में उसी पुराने दाम पर उन्हें सभी ऑर्डर पूरे करने थे। इस वजह से वह डिप्रेशन में रहते थे। लग रहा है कि इसी वजह से उन्होंने सुसाइड कर लिया।

मनोज की चौक में हरी मस्जिद के पास कुंदन मार्केट में श्री श्रृंगार नाम से दुकान है। वह सोने-चांदी का कारोबार करते थे। गुरुवार को दोपहर के समय वह दुकान में थे। चौक में मकर सक्रांति के मौके पर चल रहे भंडारे में शामिल हुए। इसके बाद दुकान बंद करके घर चले गए।

# युवक ने पत्नी को इतना पीटा कि ब्रेन डेड हुई

### पिता बोला- आए दिन बेटी से मारपीट करता था

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । लखनऊ में एक युवक ने पत्नी को पीट-पीट कर अधमरा कर दिया। इसके बाद ससुराल वालों को कॉल करके बोला-'तुम्हारी बेटी मर गई है। आकर इसको ले जाओ।' सूचना मिलते ही पिता भागकर बेटी के घर पहुंचा। दरवाजे पर ही बेटी को बेसुध पड़ा पाया। आनन-फानन में उसे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पांच दिन बाद डॉक्टरों ने बुरी तरह घायल बेटी को ब्रेन डेड घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। घटना चिनहट इलाके के कमता अजय नगर की है। मृतका की पहचान प्रीति राय (30) के रूप में हुई। प्रीति लोहिया अस्पताल में संविदा पर स्टाफ नर्स के तौर पर तैनात थी। चिनहट इलाके के कमता अजय नगर में पति के साथ किराए के मकान में रहती थी। गायत्री नगर मड़ियांव के रहने वाले राजकुमार राय ने बताया- बेटी प्रीति की शादी 2022 में गोरखपुर निवासी मृत्युंजय राय से की थी। शादी के बाद से दामाद मृत्युंजय और ससुराल वाले दहेज की मांग कर रहे थे। बेटी के साथ रोजाना मारपीट करते थे। ससुर यशवंत कुमार राय, सास शुभवती देवी और ननद पैसे लाने का दबाव बनाती थीं।


प्रीति राय, मृतक

- ससुर को फोन करके बोला- तुम्हारी बेटी मर गई है, ले जाओ

**समीक्षा : सुरेश कुमार खन्ना ने जोन-1 के विभिन्न वार्डों में साफ-सफाई को लेकर किया औचक निरीक्षण**

# नालियों की खराब सफाई और सड़कों पर फैली गंदगी

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ जनपद के प्रभारी मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना ने जोन-1 के विभिन्न वार्डों में औचक निरीक्षण कर स्वच्छता व्यवस्था की गहन समीक्षा की। उनके साथ महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल भी उपस्थित थी। निरीक्षण का उद्देश्य जमीनी स्तर पर साफ-सफाई व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। उन्होंने जोन-01 के 05 वार्डों का निरीक्षण किया। इनमें विक्रमादित्य महात्मा गांधी वार्ड, बाबू बनारसी दास वार्ड, लालकुआं वार्ड ,नज़रबाग वार्ड, जेसी बोस वार्ड सम्मिलित है। श्री सुरेश कुमार खन्ना निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जोन-1 अंतर्गत विक्रमादित्य महात्मा गांधी वार्ड स्थित योजना भवन, डायमंड डेयरी एवं उदयगंज क्षेत्र में पहुंचे। यहां नालियों की खराब सफाई और सड़कों पर फैली गंदगी को लेकर उन्होंने कड़ी नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने जोनल अधिकारी से लेकर संबंधित सभी कर्मचारियों का सर्विस अवरूद्ध किए बिना दो दिन का वेतन काटे जाने का निर्देश दिया। संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही फटकार लगाते हुए तत्काल सफाई कराने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डायमंड डेयरी उदयगंज क्षेत्र में पाया कि कुछ स्थानों पर सड़क पर मलबा और कचरा अव्यवस्थित रूप से डाला गया है। इस पर मंत्री जी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे तत्वों के विरुद्ध बिना किसी ढिलाई के जुर्माना लगाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता भी उतनी ही आवश्यक है।





### ‘वॉल की मरम्मत शीघ्र कराई जाए’

श्री सुरेश कुमार खन्ना को जोन-1 के बाबू बनारसी दास वार्ड में निरीक्षण के दौरान हैदर कैनाल की रिटेनिंग वॉल की जर्जर स्थिति के बारे में स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया। मंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वॉल की मरम्मत शीघ्र कराई जाए और कैनाल के आसपास नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे जलभराव और दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। उन्होंने लालकुआं वार्ड के निरीक्षण के दौरान नालियों से होकर गुजर रही पेयजल पाइपलाइन पर विशेष चिंता जताई। इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए उक्त पाइपलाइन को तत्काल हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नालियों की सफाई और कूड़े के नियमित उठान पर भी जोर दिया।

- जोनल अधिकारी सहित संबंधित सभी कर्मचारियों का दो दिन का वेतन काटने का दिया निर्देश
- समस्त जोनल अधिकारी अपने-अपने जोन में एक या दो वार्डों का प्रतिदिन करें स्थलीय निरीक्षण

### जल्द से जल्द समस्या का निपटारा कराने के निर्देश

क्षेत्रीय पार्षद श्री सुशील तिवारी ने मंत्री जी को अवगत कराया कि क्षेत्र में साफ सफाई के लिए कई पत्र उनके द्वारा कार्यदायी संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान को लिखे गए उसके बावजूद भी वार्ड में साफ सफाई के कार्य का हैंडओवर कंपनी के द्वारा नहीं लिया गया है। जिसको लेकर उन्होंने अधिकारियों को इसे जल्द से जल्द निपटारा कराने के निर्देश दिए हैं।

# मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने के लिए विशेष अभियान

### विशेष अभियान में हर मतदान केन्द्र पर बनेगी हेल्प डेस्क

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी, 2026 से 06 फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में मतदाताओं की सुविधा के लिए विशेष अभियान तिथियां 18 जनवरी, 2026 (रविवार), 31 जनवरी, 2026 (शनिवार) एवं 01 फरवरी, 2026 (रविवार) तय की गई हैं। इसके अतिरिक्त, एक चौथी विशेष अभियान तिथि जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा जनपद स्तर पर सुविधानुसार निर्धारित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान तिथियों के दौरान प्रदेश के सभी मतदान केन्द्रों पर संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ), सहायक स्टाफ सहित निर्धारित समय पर उपस्थित रहेंगे। बीएलओ के पास 06 जनवरी, 2026 को प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची, गणना अवधि के दौरान अप्राप्य श्रेणी में चिन्हित मतदाताओं की सूची तथा अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृतक व डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची के साथ-साथ दावे एवं आपत्तियों से संबंधित सभी आवश्यक फार्म-6 (घोषणा-पत्र सहित), 6ए, 7 एवं 8 (घोषणा-पत्र सहित) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी।



- मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण हेतु 18, 31 जनवरी व 1 फरवरी सहित जनपद स्तर पर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्धारित अन्य तिथि को चलेगा विशेष अभियान -मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा

### पर्यटन विभाग ने दी स्वीकृति, विवेक मौर्य ने जताया आभार, ज्ञापन में उठाई गई थी संरक्षण की मांग

# ऐतिहासिक धरोहर अष्टखंभा के संरक्षण को 1 करोड़ की मंजूरी



**स्वीकृति**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर/लखनऊ। अकबरपुर विधानसभा क्षेत्र के लोरपुर स्थित ऐतिहासिक अष्टखंभा के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने एक करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। पर्यटन विभाग की ओर से मिली इस स्वीकृति को जिले की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस निर्णय पर भाजपा नेता एवं नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है।



विगत वर्ष 15 जुलाई 2025 को विवेक मौर्य के नेतृत्व में अखिल भारतीय राजभर संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में पर्यटन मंत्री से भेंट की थी। प्रतिनिधिमंडल में संगठन के अंबेडकरनगर जिला अध्यक्ष रामकिशोर राजभर, जिला महासचिव रामनायक राजभर, लोरपुर से सभासद अनिल राजभर सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। इस दौरान अष्टखंभा के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था। ज्ञापन में अष्टखंभा को राजभर समाज की आस्था, भावना और गौरव का प्रतीक बताते हुए इसके जीर्णोद्धार की मांग की गई थी। प्रतिनिधिमंडल ने स्मारक के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करते हुए इसे विभागीय कार्ययोजना में शामिल करने का आग्रह किया था। पर्यटन मंत्री ने उस समय मांग को संस्तुति देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे और शीघ्र धनराशि स्वीकृत करने का भरोसा दिलाया था। धनराशि स्वीकृत होने पर विवेक मौर्य ने कहा कि अष्टखंभा राजभर समाज के स्वर्णिम इतिहास की महत्वपूर्ण धरोहर है और इसके संरक्षण से न केवल सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी, बल्कि क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

#### वर्ष की शुरुआत में पूरी हुई घोषणा

पर्यटन मंत्री की ओर से दिए गए आश्वासन के अनुरूप वर्ष की शुरुआत में अष्टखंभा के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड़ रुपये की राशि को मंजूरी मिल गई। विभागीय सूत्रों के अनुसार, इस धनराशि से स्मारक के जीर्णोद्धार, संरचनात्मक मजबूती और पर्यटक सुविधाओं के विकास से जुड़े कार्य किए जाएंगे।

#### राजभर समाज की ऐतिहासिक विरासत है अष्टखंभा

लोरपुर स्थित अष्टखंभा राजभर समाज की वीरता, शौर्य और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक माना जाता है। नागवंश से जुड़े इस स्मारक को महाराजा सुहेलदेव के इतिहास से भी जोड़ा जाता है। वर्षों से उपेक्षा के कारण यह स्थल संरक्षण की आवश्यकता महसूस कर रहा था। स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों की मांग रही है कि अष्टखंभा को संरक्षित कर पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिया जाए।

# सोनू कश्यप हत्याकांड : निषाद पार्टी का कलेक्ट्रेट के निकट धरना

### निष्पक्ष जांच व पीड़ित परिवार को न्याय की मांग, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। मेरठ में हुए सोनू कश्यप हत्याकांड को लेकर निषाद पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के निकट अंबेडकर प्रतिमा प्रांगण में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष और उच्च-स्तरीय जांच कराने तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। धरने के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रशासन पर लापरवाही और पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने के आरोप लगाए।

निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय निषाद ने बताया कि यह धरना राष्ट्रीय अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के निर्देश पर आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि मेरठ में



मछुआ समाज के युवक सोनू कश्यप की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई हत्या से पूरे समाज में आक्रोश है। घटना के बाद से ही समाज न्याय की मांग कर रहा है, लेकिन अब तक संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई है। ज्ञापन में कहा गया कि सोनू कश्यप हत्याकांड की निष्पक्ष जांच के लिए पार्टी द्वारा लगातार प्रशासन से अनुरोध किया गया, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव है, जिससे समाज में रोष बढ़ता जा रहा है। पार्टी का कहना है कि यदि समय रहते निष्पक्ष जांच होती तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। निषाद पार्टी ने मेरठ के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि प्रारंभिक स्तर पर ही मामले को दबाने का प्रयास किया गया। पार्टी का कहना है कि इस रवैये से पीड़ित परिवार को न्याय मिलने की उम्मीद कमजोर हुई है और समाज में प्रशासन के प्रति अविश्वास बढ़ा है। धरना-प्रदर्शन के दौरान पार्टी ने एक अन्य गंभीर आरोप भी उठाया। बताया गया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद को मेरठ जाते समय गाजियाबाद सीमा पर रोक दिया गया, जबकि उसी दौरान अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पीड़ित परिवार से मिलने की अनुमति दी गई।

## सिझौली-गोररवा बरातघर में पेड़ कटाई का खुला मामला, प्रशासन मौन

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। सिझौली-गोररवा बरातघर के बगल में जामुन और नीम के पेड़ों की दिनदहाड़े कटाई का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ों को आरे की आवाज़ के बीच काटा जा रहा है, जबकि वन विभाग और पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे।

स्थानीय निवासी बताते हैं कि यह कोई सामान्य ठेकेदार नहीं है, बल्कि एक व्यक्ति खुलेआम पेड़ों को काट रहा है और कानून को चुनौती दे रहा है। इस मामले में वन अधिनियम और पर्यावरण संरक्षण कानून की खुली अवहेलना हो रही है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस व्यक्ति को कहीं से संरक्षण प्राप्त है। वन विभाग और पुलिस की चुप्पी इस सवाल को और गंभीर बनाती है कि क्या कानून सबके लिए समान रूप से लागू नहीं हो रहा।

एक निवासी ने कहा, नीम और जामुन के पेड़ सिर्फ पर्यावरण का हिस्सा नहीं हैं, यह बच्चों और आने



वाली पीढ़ियों की जीवनरेखा हैं। अगर प्रशासन कार्रवाई नहीं करता, तो यह कानून की खुलेआम अवहेलना है।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, पेड़ कटाई की सूचना के बावजूद वन विभाग और पुलिस इस क्षेत्र में नजर नहीं आए। यह स्थिति लोगों में गहरी नाराजगी और असंतोष पैदा कर रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे मामलों में न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि सामाजिक अपराध भी होता है। नीम और जामुन जैसे पेड़ों का कटना न केवल ऑक्सीजन की आपूर्ति को प्रभावित करता है, बल्कि बच्चों और ग्रामीणों के लिए जीवन और स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

### खतमी गांव के बाहर मिला शव, पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

# आलापुर में चकरोड पर युवक का शव मिलने से सनसनी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आलापुर थाना क्षेत्र के खतमी गांव के बाहर एक चकरोड पर युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। बुधवार सुबह ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद घटना की जानकारी तेजी से फैल गई। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर आलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य एकत्र किए। आसपास के क्षेत्र में मौजूद लोगों से पूछताछ कर यह जानने का प्रयास किया गया कि युवक को आखिरी बार कब और किसके साथ देखा गया था। चकरोड के आसपास के रास्तों और संपर्क मार्गों की भी



जानकारी जुटाई गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल मौत को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इस संबंध में आलापुर थाना प्रभारी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि युवक की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है। घटना के बाद खतमी गांव और आसपास के इलाकों में दिनभर चर्चा का माहौल रहा। लोग तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और जांच में सहयोग करें।

**पुलिस जांच में मृतक की पहचान अरविंद पुत्र राम रतन के रूप में हुई है। मृतक स्थानीय निवासी बताया जा रहा है। शव मिलने की सूचना पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर आवश्यक जानकारी दर्ज की।**

#### सुबह ग्रामीणों ने देखा शव

जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह कुछ ग्रामीण रोजमर्रा के काम से चकरोड से गुजर रहे थे। इसी दौरान सड़क किनारे एक युवक का शव पड़ा दिखाई दिया। पहले तो लोगों ने नजदीक जाकर देखा, फिर इसकी सूचना गांव में दी गई। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। ग्रामीणों ने बिना देरी किए आलापुर थाने को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल को घेराबंदी कर सुरक्षित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्रारंभिक जांच की और आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई।

## आलापुर में पेड़ से युवक का खून से लथपथ शव लटका मिला

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। आलापुर थाना क्षेत्र के हिसामुद्दीनपुर पिपरा गांव स्थित भदवा पुरवा में गुरुवार की सुबह सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव पेड़ से लटकता हुआ मिला। शव खून से लथपथ था और कई जगह चोटों के निशान स्पष्ट दिखाई दे रहे थे। मृतक की पहचान अवधेश के रूप में हुई है, जो इसी गांव का निवासी बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। परिजनों ने बताया कि बीती रात अवधेश अपने बड़े भाई की पुत्री के तिलक समारोह में घर पर ही था। रात करीब 11:30 बजे तक वह घर में ही था और अपने बड़े भाई से बातचीत कर रहा था। परिजनों ने कहा कि उस समय किसी भी तरह का विवाद या तनाव का कोई संकेत सामने नहीं आया था।

गुरुवार की सुबह अवधेश का शव गांव के बाहर पेड़ से संदिग्ध



**भदवा पुरवा में सनसनी, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव**

स्थिति में लटकता हुआ मिला। ग्रामीणों के अनुसार, शव खून से लथपथ था और शरीर पर चोटों के स्पष्ट निशान दिखाई दे रहे थे। शव मिलने के बाद ग्रामीणों और परिजनों में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया। मृतक अपने पीछे तीन छोटे बच्चों को छोड़ गया है।

घटना की सूचना मिलते ही आलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर कब्जे में लिया और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई पूरी की। आसपास के लोगों से पूछताछ कर प्रारंभिक जानकारी जुटाई गई।

### मुख्य विकास अधिकारी ने सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए

# श्रवणधाम महोत्सव-2026 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। आगामी 18 से 20 जनवरी 2026 तक आयोजित होने वाले श्रवणधाम महोत्सव-2026 की तैयारियों का मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पंडाल, मंच, स्टॉल, झूले, पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया।

स्थलीय निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक रंजीत सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी अकबरपुर, डीसी एनआरएलएम, उप जिलाधिकारी जलालपुर और उप



जिलाधिकारी टांडा सहित विभिन्न समितियों के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अंतिम तैयारियां समय पर पूर्ण करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गई। स्थलीय निरीक्षण के उपरांत मुख्य विकास अधिकारी ने श्रवण क्षेत्र धाम स्थित पर्यटन विभाग के गेस्ट हाउस में सभी नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में महोत्सव की प्रत्येक गतिविधि का विस्तार से अवलोकन किया गया। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि पंडाल, स्टॉल, प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग, झूले, भोजन और पेयजल की व्यवस्था पूरी तरह से व्यवस्थित और सुचारु रूप से तैयार हो। सीवीओ ने यह भी कहा कि महोत्सव के दौरान आगंतुकों को हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसमें सफाई, सुरक्षा, चिकित्सा, यातायात और अन्य मूलभूत सेवाएं शामिल हैं। महोत्सव के लिए जिला प्रशासन ने सूचना विभाग के स्टॉल और प्रदर्शनी स्थल, पंडाल और मंच की स्थापना, झूले और पार्किंग व्यवस्थाओं के साथ-साथ साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय और आपातकालीन सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की है।

**मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी तैयारियां दिनांक 17 जनवरी 2026 की अपराह्न तक पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं और आगंतुकों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए।**



#### झूलों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान

सीवीओ ने विशेष रूप से महोत्सव में लगाए जा रहे झूलों की विद्युत सुरक्षा और सेफ्टी मानकों का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि झूलों से जुड़ी सभी सुरक्षा मानक और प्रमाणपत्र समय पर उपलब्ध कराए जाएं। इसके अलावा आगंतुकों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंडाल और स्टॉल की संरचना की गुणवत्ता की भी समीक्षा की गई।

# 18 जनवरी से शुरू हो रहा श्रवण धाम महोत्सव-2026

### मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में आयोजित होगा भव्य धार्मिक-सांस्कृतिक महोत्सव

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकर नगर। धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान देने के लिए अंबेडकर नगर जिले के श्रवण क्षेत्र धाम में तीन दिवसीय श्रवण धाम महोत्सव-2026 का आयोजन 18 जनवरी से होगा। यह महोत्सव 20 जनवरी तक चलेगा। जिला प्रशासन द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महोत्सव में भक्ति, लोक कला, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सरकारी योजनाओं की झलक देखने को मिलेगी। यह आयोजन धार्मिक महत्व के साथ-साथ पर्यटन को बढ़ावा देने और सामाजिक जागरूकता फैलाने का माध्यम भी बनेगा।




महोत्सव में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन स्टॉलों पर आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों और विकास कार्यों की जानकारी दी जाएगी। यह कदम महोत्सव को केवल धार्मिक कार्यक्रम न रखकर सामाजिक जागरूकता का मंच भी बनाएगा।

#### भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रमुख कलाकारों की प्रस्तुति

श्रवण धाम महोत्सव के दौरान स्थानीय और राष्ट्रीय कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से चार चांद लगाएंगे। 18 जनवरी की शाम को प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा की भजन संध्या होगी। 19 जनवरी को कवि सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें कुमार विश्वास अपनी कविताओं के माध्यम से लोगों का मन मोहेंगे। महोत्सव के समापन दिन 20 जनवरी को अमित दीक्षित रामलीला के मंचन के दौरान प्रस्तुति देंगे। तीनों दिनों में भजन संध्या, रामलीला, लोक नृत्य, लोक गीत, झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। शाम को लाइट एंड साउंड और लेजर शो के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का प्रयास किया जाएगा।

# थाना बेवाना क्षेत्र में प्राणघातक हमला

### घायल का जिला अस्पताल में इलाज

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। थाना बेवाना अंतर्गत ग्राम धौरहरा में दो पक्षों के बीच विवाद प्राणघातक रूप ले गया। सोमवार शाम लगभग 6:30 बजे, आपसी रंजिश में द्वितीय पक्ष राम सुंदर यादव और उनके पुत्र प्रशांत यादव उर्फ नाटे ने धारदार हथियार से दुर्गेश पांडे पर हमला कर दिया। गंभीर चोटों के बाद दुर्गेश पांडे को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मीरानपुर में भर्ती कराया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया।

दुर्गेश पांडे की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका जीवन-मरण का संघर्ष जारी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। पीड़ित पक्ष का कहना है कि धारा 109 अपराध में भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि आरोपियों को खुलेआम घूमते देखा



जा रहा है। थाना अध्यक्ष बेवाना ने बताया कि पीड़ित द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। आरोपी पक्ष के खिलाफ शांति भंग में चालान करते हुए धारा 115(2), 352 और 118(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का यह भी कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी आवश्यक जांच और सुरक्षा इंतजाम किए जा रहे हैं।

**प्रस्तुति :** फतेहपुर मोहिबपुर में जागरण, भजन-कीर्तन और आकर्षक झांकियों ने बांधा समां

# मकर संक्रांति पर खाटू श्याम भक्ति का हुआ भव्य आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर, अंबेडकरनगर। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर जलालपुर क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों की श्रृंखला जारी है। विभिन्न गांवों में खिचड़ी भोज, कंबल वितरण और जागरण कार्यक्रमों के बीच फतेहपुर मोहिबपुर गांव में खाटू श्याम भक्ति से ओत-प्रोत भव्य जागरण का आयोजन किया गया। गुरुवार देर शाम शुरू हुआ यह आयोजन देर रात तक श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम प्रधान शकुंतला देवी और आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। समिति के सोनू गुप्ता





**कार्यक्रम में बाबा खाटू श्याम की दिव्य झांकी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जिससे पूरे परिसर में उत्सव का माहौल बना रहा।**

और मोनू गुप्ता सहित अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला। कार्यक्रम के दौरान अखिलेश कुमार, भुवनेश कुमार, स्वदेश गुप्ता, परमेश कुमार, राम पराग अग्रहरि, सुमित राज और देवेंद्र उपाध्याय 'देव' सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु मौजूद रहे।

#### भजन-कीर्तन से गूंजा फतेहपुर मोहिबपुर

आयोजन में अवधी के प्रसिद्ध गायक पंचम परदेशी ने अपनी सुमधुर आवाज में बाबा खाटू श्याम के चमत्कारों और महिमा का गुणगान किया। संगीत निर्देशन रामलाल देवर्षि के मार्गदर्शन में भजन-कीर्तन की प्रस्तुति दी गई। पंचम परदेशी द्वारा प्रस्तुत भजनों पर श्रोता देर रात तक मंत्रमुग्ध रहे। भक्ति गीतों की लय और ताल ने पूरे पंडाल को श्याम भक्ति में सराबोर कर दिया।

#### झांकियों ने खींचा श्रद्धालुओं का ध्यान

कार्यक्रम के दौरान सजीव और भव्य झांकियों का विशेष आकर्षण देखने को मिला। राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती और बाबा खाटू श्याम की झांकियों ने श्रद्धालुओं का ध्यान अपनी ओर खींचा। झांकियों के साथ चल रहे भजनों ने धार्मिक माहौल को और प्रभावशाली बना दिया। श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते और बाबा के जयकारे लगाते नजर आए।

## मीरानपुरा प्राथमिक विद्यालय में चोरी, शैक्षिक गतिविधियों पर संकट

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। थाना टांडा क्षेत्र के नगर और कोतवाली अंतर्गत मीरानपुरा में संचालित प्राथमिक विद्यालय मीरानपुर बालक में चोरी की घटना सामने आई है। विद्यालय के सहायक अध्यापक द्वारा कोतवाली टांडा में तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार, शीतलहरी और भीषण ठंड के कारण विद्यालय कुछ दिनों के लिए बंद था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति विद्यालय परिसर में घुसकर कक्षा-कक्ष का ताला तोड़कर रखे सामान की चोरी कर लिया। चोरी का शिकार सामान मुख्य रूप से रसोई और राशन से संबंधित था।

पुलिस और विद्यालय सूत्रों के अनुसार चोरी गए सामान में दो बड़े भगोने, एक छोटा भगोना, ड्रम, गैस सिलेंडर, पखाना (बर्तन), दो ढक्कन और राशन में रखा लगभग 30 किलोग्राम चावल शामिल है।

विद्यालय प्रशासन ने कहा कि



चोरी की यह घटना न केवल संपत्ति का नुकसान है, बल्कि इसके कारण मध्यान्ह भोजन सहित अन्य शैक्षिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के लिए चल रहे भोजन कार्यक्रम और कक्षाओं की तैयारी प्रभावित हो सकती है। विद्यालय की सहायक अध्यापिका रफत कमाल ने टांडा कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में उन्होंने घटना का पूरा ब्यौरा दिया और चोरी गए सामान की बरामदगी तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया कि विद्यालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त होने के कारण अज्ञात व्यक्ति आसानी से परिसर में प्रवेश कर सके और चोरी की वारदात को अंजाम दे सके।

# सम्पादकीय

## डिजिटल अरेस्ट के बढ़ रहे मामले



दिल्ली में डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर बुजुर्ग महिला कारोबारी से सात करोड़ रुपये की ठगी का मामला यही बता रहा है कि साइबर ठग बेलगाम बने हुए हैं। सात करोड़ रुपये की ठगी के पहले दिल्ली में ही एक एनआरआइ दंपती से 15 करोड़ की ठगी हुई थी। वास्तव में शायद ही कोई दिन ऐसा होता हो, जब देश के किसी न किसी हिस्से से साइबर ठगी का मामला सामने न आता हो।

हालांकि साइबर ठग बार-बार उन्हीं तौर-तरीकों से लोगों को ठगते हैं, जिनसे पहले तमाम लोगों को ठग चुके होते हैं, लेकिन फिर भी लोग उनके झांसे में आ ही जाते हैं। इनमें कई तो अच्छे-खासे पढ़े-लिखे लोग होते हैं। उनके ठगे जाने से यही पता चलता है कि औसत लोग साइबर अपराधियों के तौर-तरीकों को लेकर जागरूक नहीं।

साइबर ठग नकली पुलिस, सीबीआइ, कस्टम, ईडी, आयकर अधिकारी या वकील-जज बनकर जिस आसानी से लोगों से लाखों-करोड़ों रुपये हड़प लेते हैं, उससे हैरानी होती है कि आखिरकार लोग यह क्यों नही समझ पा रहे हैं कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है? निःसंदेह लोगों को साइबर ठगी को लेकर जागरूक होने की जरूरत है, लेकिन इससे कहीं बड़ी जरूरत साइबर ठगों पर शिकंजा कसने की है। यह निराशाजनक है कि पुलिस और अन्य एजेंसियां इसमें सक्षम नहीं हो पा रही हैं।

इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर साइबर ठगी के बढ़ते मामलों का सुप्रीम कोर्ट की ओर से स्वतः संज्ञान लिए जाने पर केंद्र सरकार ने एक समिति गठित की, जिसमें एनआइए, सीबीआइ, साइबर क्राइम कोआर्डिनेशन सेंटर के सदस्यों के अलावा कई मंत्रालयों के अफसर और साथ ही रिजर्व बैंक के संयुक्त सचिव शामिल हैं, क्योंकि यह काम तो बहुत पहले ही कर लिया जाना चाहिए था। आशा है कि सुप्रीम कोर्ट इस समिति की रपट का संज्ञान लेकर ऐसे प्रभावी आदेश-निर्देश देगा, जिनसे साइबर ठगों पर लगाम लगेगी। ऐसा होना ही चाहिए, क्योंकि साइबर ठगी के तहत हड़पी जाने वाली राशि बढ़ती जा रही है। साइबर अपराधी केवल लोगों को डरा-धमकाकर ही ठगी नहीं कर रहे हैं। वे निवेश का आकर्षक लालच देकर भी लोगों की गाढ़ी कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं। इससे यही पता चलता है कि वे बेलगाम और बेखौफ हैं। अधिकतर मामलों में वे पकड़े नहीं जाते और यदि पकड़े भी जाते हैं तो हड़पी गई राशि वापस नहीं मिल पाती, क्योंकि वह विदेश भेज दी गई होती है। साइबर ठगी पर लगाम लगाने के लिए केवल पुलिस एवं अन्य एजेंसियों को तकनीकी दृष्टि से सक्षम ही नहीं बनना होना होगा, बल्कि मोबाइल कंपनियों और बैंकों के कामकाज के तरीकों को भी दुरुस्त करना होगा। सरकार को यह समझना होगा कि यदि साइबर ठग बेलगाम बने रहे तो लोग डिजिटल लेन-देन से कन्नी काटने को बाध्य होंगे।

# अमेरिकी चक्रव्यूह में फंसे ईरान को तारणहार की तलाश!



> ईरान में निवेश और ऋण से भी चीन मदद कर रहा है। चीन ने 25 अरब डॉलर से अधिक ऊर्जा क्षेत्र में निवेश किया, जिसमें सड़क, रेल और बंदरगाह परियोजनाएं शामिल हैं।

खाड़ी देश ईरान में बढ़ते जनअसंतोष से अमेरिका-इजरायल के पौ बारह हो चुके हैं। जिस तरह से अमेरिका ने इस जनअसंतोष को हवा दी, उससे तो यही प्रतीत होता है कि देर सबेर ईरान को घुटने टेकने ही पड़ेंगे या फिर चीन-रूस-तुर्किये के अलावा इस्लामिक देशों का साथ लेकर उसे अपने अस्तित्व की रक्षा करनी होगी हालांकि बेनेज़ुएला का नजीर उसके सामने है। अमेरिका जो चाहता है, कर लेता है। यहां भी रूस-चीन उसके राष्ट्रपति को नहीं बचा पाए। इसलिए यक्ष प्रश्न है आखिर ईरान कैसे अमेरिकी चक्रव्यूह को भेदेगा? क्या चीन-रूस-तुर्किये समेत 56 मुस्लिम देश ईरान की मदद को आगे आएंगे और उसका तारणहार बनेंगे?

ऐसा सुलगता सवाल इसलिए कि ईरान अमेरिकी दबाव, सैन्य धमकियों और आंतरिक विरोध प्रदर्शनों के बीच गंभीर संकट में फंसा हुआ है जहां ट्रंप प्रशासन स्ट्राइक विकल्पों पर विचार कर रहा है। ऐसे में ईरान के पास प्रतिक्रिया के सीमित लेकिन रणनीतिक विकल्प बाकी हैं जो सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में फैले हैं हालांकि, ईरान को यह ध्यान रखना होगा कि रूस या चीन के भरोसे वह कोई रिस्क नहीं ले क्योंकि बेनेज़ुएला का उदाहरण उसके सामने है।

बेहतर होगा कि ईरान दुनिया के 56 मुस्लिम देशों के साथ अपने अस्तित्व रक्षा की डील करे। इससे उनकी इस्लामिक सियासत की परीक्षा भी हो जाएगी क्योंकि अधिकांश मुस्लिम देश तो अमेरिका व यूरोप के गठजोड़ के समक्ष नतमस्तक रहते हैं। वहीं ईरान को इराक व सीरिया के हश्र से भी सबक लेनी चाहिए लेकिन अफगानिस्तान मॉडल को अपना कर देर सबेर ईरान खुद को अमेरिकी चंगुल से बचा सकता है।

इसलिए ईरान आत्मरक्षार्थ सैन्य विकल्प आजमाने हेतु अपनी रणनीति मजबूत करे क्योंकि ईरान अपनी मिसाइल क्षमता और क्षेत्रीय प्रॉक्सी ताकतों (जैसे- हिजबुल्लाह, हूती, इराकी मिलिशिया) का उपयोग करके अमेरिकी और उसके सहयोगियों के ठिकानों पर हमला कर सकता है। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करना या अमेरिका के खिलाफ साइबर हमले भी संभावित हैं लेकिन ये पूर्ण युद्ध को आमंत्रित कर सकते हैं।

शायद इसलिए ईरान को कूटनीतिक रास्ते अपनाने होंगे। ईरान अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के साथ संवाद को पुनः शुरू कर सकता है जैसा विदेश मंत्री अराघची ने संकेत दिया है, वहीं क्षेत्रीय सहयोगियों (रूस, चीन) से समर्थन मांगना या परोक्ष वार्ता भी एक प्रयास हो सकता है। ईरान आर्थिक प्रतिरोध भी कर सकता है। इस हेतु ईरान अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद तेल निर्यात जारी रखे या वैकल्पिक व्यापारिक रास्ते (चीन, तुर्की) मजबूत करे जो ईरान की सफल रणनीति साबित हो सकती है हालांकि, ईरान का आर्थिक संकट गहरा रहा है जो उसकी आंतरिक अस्थिरता को बढ़ा सकता है। मौजूदा जनअसंतोष की यही वजह है।

जहां तक ईरान की आंतरिक स्थिरता की बात है तो विरोध दबाने के लिए IRGC और बसीज तैनाती बढ़ाना जारी है लेकिन यह विद्रोह को भड़का सकता है। जिस तरह से ईरानी सेना उपद्रवियों के दमन कर रही है, उससे जनअसन्तोष और भड़क सकता है और भड़क भी रहा है क्योंकि प्रदर्शनकारियों को अमेरिका, रजा शाह और इजरायल का पूरा सहयोग व नैतिक समर्थन मिल रहा है। इसलिए ईरान अपने न्यूक्लियर कार्यक्रम को तेज करे क्योंकि ऐसा करना उसकी हिफाजत का अंतिम हथियार हो सकता है।

कहना न होगा कि ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों और आर्थिक संकट ने भारी दबाव डाला है जहां मुद्रा अवमूल्यन और 64% खाद्य महंगाई आम जनता को प्रभावित कर रही है। फिर भी, कुछ राहत के रास्ते बचे हैं. मुख्यतः चीन और रूस जैसे सहयोगियों के साथ तेल व्यापार पर निर्भर है।

ईरान के तेल निर्यात पर ही उसका सब कुछ निर्भर है। चीन ईरान का 90% तेल खरीदता है जो स्वतंत्र रिफाइनरियों को छूट पर बेचा जाता है जिससे उत्पादन पूर्व-प्रतिबंध स्तर पर पहुंचा। वहीं, रूस के साथ ईरान का निर्यात बढ़ा (2022 में $692 मिलियन) है जो वैकल्पिक बाजार प्रदान करता है।

जहां तक कूटनीतिक प्रयास की बात है तो विदेश मंत्री अराघची प्रतिबंध हटाने के लिए JCPOA जैसी वार्ताओं को आगे बढ़ा रहे हैं जो आर्थिक सुधार ला सकती हैं।

हालांकि, अमेरिका से प्रमुख राहत की मांग राजनीतिक बदलाव पर निर्भर है। जहां तक आंतरिक उपाय की बात है तो सरकार मासिक $7 भुगतान और सब्सिडी क्रेडिट दे रही है लेकिन ये अपर्याप्त हैं। वहीं, होर्मुज जलमार्ग का सामरिक महत्व व्यापार बनाए रखने में मदद करता है।

चूंकि ईरान को उसके आर्थिक संकट में तत्काल राहत प्रदान करने के लिए चीन, रूस और तुर्की जैसे प्रमुख देश हैं जो उसकी मदद कर सकते हैं, खासकर तेल खरीद और व्यापार के माध्यम से समर्थन दे सकते हैं क्योंकि ये देश ही अमेरिकी प्रतिबंधों को दरकिनार कर ईरान को आर्थिक सांस प्रदान करते हैं। इसमें चीन का योगदान अधिक है। चीन ईरान का सबसे बड़ा तेल खरीदार है जो 77-90% निर्यात सोखता है और 400 अरब डॉलर निवेश का वादा कर चुका है। यह तत्काल नकदी प्रवाह सुनिश्चित करता है। वहीं रूस का समर्थन भी ईरान को प्राप्त है। रूस ने निर्यात को $692 मिलियन तक बढ़ाया और संयुक्त ब्रिक्स प्रयासों से आर्थिक सहायता दे सकता है। दोनों देश प्रतिबंध-विरोधी व्यापार बढ़ा रहे हैं। वहीं ईरान को अन्य संभावित स्रोत से भी मदद लेनी चाहिए। जैसे- तुर्की और यूएई ईरान के व्यापारिक साझेदार हैं (2022 में $10-37 अरब), जो सीमापार लेन-देन से त्वरित मदद दे सकते हैं। हालांकि, ईरान के व्यापारिक सहयोगियों पर ट्रंप के नए 25% टैरिफ लगाने से ये रास्ते जटिल हो रहे हैं।

**- कमलेश पांडेय**

## यह विमर्श जवाहरलाल...

गजेंद्र सिंह

# सार्वजनिक स्मृति से ओझल ऐतिहासिक योगदान

हाल ही में दरभंगा की महारानी कुसुम देवी के निधन के बाद सोशल मीडिया पर भारत के इतिहास का एक ऐसा अध्याय फिर से चर्चा में आया है जिसे लंबे समय तक लगभग भुला दिया गया था। वर्ष 1962 के भारत–चीन युद्ध के दौरान दरभंगा राजपरिवार द्वारा राष्ट्ररक्षा के लिए किए गए असाधारण योगदान की स्मृतियाँ एक बार फिर सामने आई हैं। उपलब्ध विवरणों के अनुसार दरभंगा राजपरिवार ने 15 मन अर्थात लगभग 600 किलोग्राम सोना भारत सरकार को समर्पित किया था । यह दान इंद्र भवन मैदान, दरभंगा में सार्वजनिक रूप से किया गया—एक निजी संपत्ति को राष्ट्र को अर्पित करने का स्पष्ट और साहसी निर्णय ।

इसी कालखंड में कच्छ के महाराजा मदन सिंह जडेजा का योगदान भी सामने आता हैं। कहा जाता है कि उन्होंने लगभग 100 टन (1,00,000 किलोग्राम) सोना राष्ट्र को दान किया—इतनी विशाल मात्रा कि उसे राष्ट्रीय कोष तक पहुँचाने के लिए रेलवे के आठ डिब्बों की आवश्यकता पड़ी । भले ही इन आँकड़ों पर ऐतिहासिक बहस संभव हो परंतु इस योगदान के आकार, नीयत और राष्ट्रहित को नकारा नहीं जा सकता । ये केवल दो नाम हैं जो आज सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं।



ऐतिहासिक संकेत बताते हैं कि देशभर के 100 से अधिक राजघरानों ने 500 किलोग्राम या उससे अधिक सोना 1962 के युद्ध के दौरान भारत सरकार को दान किया। यह वह समय था जब भारत आर्थिक रूप से कमज़ोर था, सैन्य तैयारी अपर्याप्त थी और राष्ट्रीय मनोबल गंभीर चुनौती का सामना कर रहा था। फिर भी, इतने बड़े योगदान सामूहिक स्मृति से लगभग गायब हो चुके हैं किन्तु, इन ऐतिहासिक उदाहरणों के सामने कुछ असहज लेकिन आवश्यक प्रश्न स्वतः उभरते हैं— क्या "सब कुछ त्याग देने" का अर्थ भारत के किसी भी इतिहास-ग्रंथ, स्मारक, प्रतिमा या सामूहिक स्मृति-पटल पर आज भी विद्यमान है, या फिर इसे सचेत रूप से भुला दिया गया है? भारत की संप्रभुता के लिए किए गए सर्वोच्च दान के बदले क्या मिला? क्या उसका मूल्य सम्मान, स्मृति और कृतज्ञता के रूप में चुकाया गया—या फिर विमर्श के स्तर पर उसे तिरस्कार, वर्गीय अपराधबोध और दलित-विरोधी छवि के रूप में पुनर्परिभाषित कर दिया गया? भारत में इतिहास को अक्सर कुछ तयशुदा खाँचों में बाँटकर देखा गया है—औपनिवेशिक बनाम राष्ट्रवादी, सामंती बनाम लोकतांत्रिक, शासक वर्ग बनाम जनता । इस दृष्टि में राजा, पारंपरिक शासक वर्ग और शासक जाति प्रायः सामंत, ठाकुर का कुआँ जैसे प्रतीकों में सीमित कर दिए जाते हैं । इन आलोचनाओं में आंशिक सत्य अवश्य है, किंतु यह पूर्ण सत्य नहीं है। विभिन्न ऐतिहासिक कालों में अनेक स्थानीय शासकों और रियासतों ने विदेशी आक्रमणों का प्रतिरोध किया, जबरन धर्मांतरण का विरोध किया, स्थानीय संस्कृति, भाषा और शिक्षण संस्थानों को संरक्षित किया और समाज को संसाधन उपलब्ध कराए—उस समय, जब आधुनिक राष्ट्र–राज्य की संरचनाएँ अस्तित्व में भी नहीं थीं । कई मामलों में, ये शासक समाज की पहली सुरक्षा–रेखा थे। 1962 का युद्ध इसी ऐतिहासिक जटिलता को उजागर करता है। जब नवस्वतंत्र भारतीय राज्य संसाधनों की कमी से जूझ रहा था, तब कई राजघरानों ने बिना किसी राजनीतिक सौदेबाज़ी के अपनी निजी संपत्ति राष्ट्र को सौंप दी। यह विमर्श जवाहरलाल नेहरू के प्रधानमंत्री काल को कमतर आँकने के लिए नहीं है अपितु, नेहरू के नेतृत्व में हुए 1962 के भारत–चीन युद्ध के उस पक्ष को सामने लाने का प्रयास है जो अक्सर सार्वजनिक स्मृति से ओझल रह जाता है—वह पक्ष, जहाँ देश के अत्यंत कठिन समय में अनेक नागरिकों और राजपरिवारों ने अपनी निजी संपत्तियाँ, यहाँ तक कि सब कुछ, राष्ट्र को समर्पित कर दिया। इस त्याग और नेतृत्व के प्रति सम्मान निर्विवाद है। वहीं दूसरी ओर क्या 1962 के युद्ध के दौरान दान किए गए विशाल संसाधनों का पूर्ण, प्रभावी और पारदर्शी उपयोग हुआ? यदि हुआ, तो उसके दस्तावेज़ और सार्वजनिक स्मृति कहाँ हैं; और यदि नहीं हुआ तो उस पर प्रश्न क्यों नहीं उठाए गए ?

## भारतीय...

डॉ. नीरज भारद्वाज

# अनुवाद शब्द पर दृष्टि




21वीं सदी जहाँ ज्ञान-विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी की सदी है, वही निश्चित रूप से अनुवाद की भी सदी है। यह समूचा ज्ञान-विज्ञान सुविज्ञ अनुवाद के माध्यम से ही भावी पीढ़ी के बहुमुखी व्यक्तित्व के निर्माण तथा आर्थिक रूप से सबल राष्ट्र के निर्माण का आधार बना है। वास्तव में 'विश्वग्राम' की परिकल्पना में ज्ञान के प्रचार-प्रसार तथा विभिन्न व्यक्तियों को एक दूसरे से जोड़ने में और 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना सुदृढ़ बनाने में अनुवाद महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहा है और जनसंचार के सबसे शक्तिशाली माध्यम प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अनुवाद के सहारे अपनी शक्ति और सार्थकता को बढ़ा रहे हैं। सम्प्रेषण की इस समूची प्रक्रिया को तीव्रतर बनाने में अनुवाद की अहम् भूमिका है। संचार क्रांति के युग में अनुवाद का महत्वपूर्ण स्थान है। ज्ञान-विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में जिस प्रकार नित-नूतन आविष्कार हो रहे हैं, उससे देश-विदेश के अनेक भाषा-भाषी समुदायों और संस्कृतियों का मेल-मिलाप संभव होता जा रहा है। इस प्रकार के संगम में अनुवाद की अहम् भूमिका देखी जाती है। यहाँ कहना असमीचीन न होगा कि अनुवाद की भूमिका का महत्त्व आधुनिक युग में ही नहीं वरन् आदिकाल से ही इसकी महत्ता मानव जीवन के विभिन्न क्षेत्रें में बनी रही है। अनुवाद का महत्व आदिकाल से ही बढ़ता चला आ रहा है और वर्तमान तक आते-आते अनुवाद ने संचार और सूचना क्रांति के साथ जनसंचार के क्षेत्र में एक युगांतकारी बदलाव भी किया है। विश्व को आपसी संवाद देकर अनुवाद ने सूचना प्रवाह को एक विशाल आकाश दिया है। इस सारे तंत्र व सूचना प्रवाह का आधार अनुवाद ही कहा जा सकता है, क्योंकि अनुवाद ही वह शक्ति है, जिसने भूमंडलीकरण की प्रक्रिया में संमग्र विश्व को बांधा दिया है। भारतीय दर्शन, वेद, पुराण, शास्त्र के साथ-साथ बाइबिल, कुरान आदि अनेक ग्रंथों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार अनुवाद द्वारा ही संभव हो सका है। अनुवाद से साहित्य, संस्कृति और कला की विश्व-चेतना का विकास तो हुआ ही साथ में प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का विकास करने में इसकी भूमिका उल्लेखनीय रही है। अनुवाद सेतु का काम करता रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो विश्वग्राम की परिकल्पना, मीडिया और संचार क्रांति में अनुवाद की महत्वपूर्ण भूमिका है।

अनुवाद का इतिहास हजारों वर्ष पुराना है। भारत में प्रचीन काल से ही अनुवाद परम्परा सुदृढ रही है। प्राचीन भारत में शिक्षा की परम्परा मौखिक थी। गुरूजी जो कहते थे, शिष्य उसे दुहराते थे। इस दुहराने को ही 'अनुवाद' या 'अनुवचन' कहा गया है। 'अनुवाद' भी मूलतः यही है। संस्कृत में अनुवाद का प्रयोग गुरू की बात का शिष्य द्वारा दुहराया जाना, पश्चातकथन, दुहराना, पुनःकथन, कहना, ज्ञात को कहना, समर्थन के लिए प्रयुक्त कथन, विद्या या विहित का पुनः कथन, आवृति, सार्थक आवृति आदि अर्थों में हुआ है।

## नए बाजार तलाशने की चुनौती, वैश्विक व्यापार की निरंतर बढ़ती कठिनाई

हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन देशों पर तत्काल प्रभाव से 25 प्रतिशत टैरिफ लागू कर दिया, जो ईरान के साथ कारोबार करते हैं। इन देशों में भारत भी शामिल है। अमेरिका ने भारत पर पहले ही 50 प्रतिशत टैरिफ लगा रखा है। ऐसे में अब भारत को 75 प्रतिशत टैरिफ का सामना करना होगा। ट्रंप ने सैंक्शनिंग रशिया एक्ट, 2025 को भी मंजूरी दी है।

इसके कानून बनने पर रूस से तेल खरीदने वाले भारत सहित अन्य देशों पर ट्रंप 500 प्रतिशत तक का दंडात्मक टैरिफ लगा सकते हैं। यदि भारत पर और टैरिफ लगाए जाते हैं, तो अमेरिका में भारत का सामान और सेवा निर्यात लगभग बंद जैसा हो जाएगा। भारत के लिए यह स्थिति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार रहा और भारत से अमेरिका को निर्यात करीब 86.5 अरब डालर रहा।

पिछले कुछ वर्षों से भारत के कुल निर्यात में अमेरिका का योगदान लगातार 17-18 प्रतिशत रहा है। चूंकि भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता अधर में लटका हुआ है, ऐसे में नई टैरिफ दरों के कारण अमेरिका के बाजार में प्रभावित होने वाले निर्यात की भरपाई के लिए भारत को तेजी से नई वैकल्पिक व्यवस्थाएं करनी होंगी।

इसके लिए आम बजट में निर्यात को प्रोत्साहन देने के उपाय करने होंगे। वैश्विक व्यापार की चुनौतियों के बीच भारत से निर्यात बढ़ाना कोई सरल कार्य नहीं है। इसके लिए भारत को द्विपक्षीय एवं मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के तहत निर्यात बढ़ाने की दिशा में तेजी से कदम उठाने होंगे। मौजूदा निर्यात बाजारों में हिस्सेदारी बढ़ाने के साथ-साथ नए निर्यात बाजारों की तलाश भी जरूरी है।

**- डॉ. जयंतीलाल भंडारी**

# जरा हटके

## ब्रिक्स की स्थापना...

डॉ0 मत्स्येन्द्र प्रभाकर

# वैश्विक समस्याओं के हल की तलाश

भारत इस वर्ष (2026 में) 'ब्रिक्स' शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा और इस कड़ी में इसकी अध्यक्षता सम्भाले है। विश्व परिदृश्य में मंडराते अत्यन्त चुनौतीपूर्ण इस दौर में यह ब्रिक्स का 18वाँ शिखर सम्मेलन होगा जिसकी तिथि अभी तय की जानी है। उम्मीद है कि यह सम्मेलन और इसके जरिये भारत वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए एक महत्वपूर्ण मञ्च बनेगा लेकिन सबसे गम्भीर सवाल यह है कि क्या अन्तरराष्ट्रीय व्यापार में डॉलर की महत्ता को कुछ कम करने की इस सम्मेलन की मंशा आगे बढ़ सकेगी जो ब्रिक्स का एक अहम उद्देश्य है? इस शंका का महत्त्वपूर्ण कारण यह है कि 'अमेरिका का ताजे दौर का युद्धोन्माद' दुनिया के पेट्रोलियम तेल और नेचुरल गैस व अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जे को लेकर तो है ही , उसकी अपनी मुद्रा डॉलर का वर्चस्व बनाये रखने को लेकर भी है जो विश्व में इस समय मुख्य एक्सचेंज मुद्रा बना हुआ है। इस बीच डीडी न्यूज से एक बातचीत में ब्राजील के राजदूत केनेथ नोब्रेगा ने ब्रिक्स की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया है, जिसमें वैश्विक शासन सुधार, जलवायु वित्तपोषण और आतंकवाद विरोधी एकजुटता प्रमुख हैं। यह आलेख इन तथ्यों को समाहित करते हुए ब्रिक्स के माध्यम से वैश्विक समस्याओं के हल की सम्भावनाओं पर प्रकाश डालता है।

ब्रिक्स का उद्भव और विस्तार :

ब्रिक्स की स्थापना 2006 में ब्राजील, रूस, भारत और चीन के रूप में हुई जिसमें 2010 में दक्षिण अफ्रीका सम्मिलित हो गया। वर्तमान में इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (जैसे) जैसे नये सदस्य शामिल हैं जबकि सऊदी अरब की सदस्यता लम्बित है। वर्तमान में ब्रिक्स के दायरे में वैश्विक आबादी का 40% है जो



दुनिया की जीडीपी का 26% प्रतिनिधित्व करता है।

इसके पूर्व 'कज़ान घोषणा' (16वाँ शिखर सम्मेलन, 2024) में बहुपक्षवाद, आतंकवाद विरोध, आर्थिक विकास और 'ग्लोबल साउथ' की चिन्ताओं पर जोर दिया गया था, जिसमें यूक्रेन और गाजा संकटों के शान्तिपूर्ण समाधान की अपील की गयी।

ब्राजील के राजदूत ने 'ब्रिक्स 2025' की छह प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है। ये हैं: वैश्विक शासन सुधार, जलवायु वित्तपोषण, एआई नियमन, वैश्विक स्वास्थ्य, आर्थिक एकीकरण और संस्थागत सुधार। भारत की 2026 की अध्यक्षता इन प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाएगी, जहाँ विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने प्रस्तावित रणनीति के चार स्तम्भ बताये हैं: (अ) लचीलापन, (ब) नवाचार, (स) सहयोग और (द) स्थिरता।

भारत की अध्यक्षता : अपेक्षाएं और तैयारी :

पहली जनवरी 2026 से भारत की 'ब्रिक्स अध्यक्षता' का कार्यकाल शुरू हुआ है और 18वाँ शिखर सम्मेलन नयी दिल्ली में आयोजित होगा।

# मंथन करें अरणि का

घटना प्रसंग एक कठिहारे ने ज्योति खंड को देखा । वह बुझ चूका था ।सोचा- कोई बात नहीं , अरणि की लकड़ी पड़ी हैं । हाथ में कुल्हाड़ी ली, अरणि की लकड़ी के दो टुकड़े किए, चार टुकड़े किए, आठ टुकड़े किए । वह इस तरह टुकड़े- टुकड़े करता चला गया पर अग्नि नहीं निकली । वह कठिहारा निराश हो गया। अग्नि नहीं जल रही हैं रसोईं कैसे पकाऊं? बड़ी समस्या हैं। काफी प्रयत्न किया फिर दूसरी अरणि की लकड़ी ली उसके टुकड़े- टुकड़े किए । आग उत्पन्न नहीं हुईं । वह हताश और निराश हो गया । उसे काफी समय बाद किसी ने पूछा की रसोईं बना ली ? वह बोला आग के बिना रसोईं कैसे पकाऊं ? ज्योति खंड था तुम्हारे पास उससे जला लेते? वह बुझ गया । अरणि की लकड़ी थी उससे जलाकर बना लेते । देखो यह चूर चूर पड़ा हैं ।मैंने बहुत श्रम किया । आलस्य नहीं किया । क्या करूं ? यह है विवेक शून्य श्रम । वह कठिहारे से बोला कि तुमने विवेक शून्य श्रम किया हैं । वह कठिहारा उसको बोला तुम्हारे में विवेक हैं तुम इस अरणि से अग्नि निकाल दो । वह चतुर था और कठिहारे के कहने से आगे आया । उसने अरणि की लकड़ी को हाथ में लिया । उसको मथा और अग्नि उत्पन्न हो गईं । वह उसने प्रतिबोध से कठिहारे को कहा कि काटने से अग्नि पैदा नहीं होती मंथन से आग निकलती हैं । हम भी उस कठिहारे की तरह श्रम ( सही जगह के ) से विवेक शून्य हो गयें हैं । हम इस तेज रफ्तार चलती दौड़ती जिंदगी में कर्म हंस हंस के बांध रहे हैं । हमे जब पता है कि ऐसे ही कर्म नहीं टूटते हैं और पूरी जिंदगी इसे तोड़ने में लग जाती है । हमें संसार के इन दुखों से तरना आता नहीं हैं । हम असार में जीने वाले इतने साधु-संतों की जीवन चर्या देख के भी समझ पाते नहीं हैं । हमें दुखों से बचना है तो वही जीवन हमको बचाएगा जो मोक्षगामी बनेगा । वह जो हमारा जीवन ऐसा रचायेगा। अतः हम सुकृत कार्य करें जिससे जन्म मरण की श्रृंखला तोड़ इस संसार रूपी अरण्य से पार हों मोक्ष श्री का वरण करें । आचार्य भिक्षु का कहना कि बुद्धि बा ही सराहिये जे सेवे जिन धर्म । बा बुद्धि किण काम री जो पड़िया बांधे कर्म। बुद्धि के साथ अगर हमारे विवेक न हो तो वहां बुद्धि का अतिरेक हो जाता हैं । वह विवेकशील व्यक्ति ही सबका अजीज बन सकता हैं । हर चीज वह सोच समझ कर बोलता करता आदि हैं । बुद्धि और विवेक का जहां मणि कांचन योग होता हैं । मानवीय मूल्यों का वहां सुयोग होता हैं । वह उस व्यक्ति में क्षमा , सत्य , आर्जव , मार्दव ,लाघव , समता ,सह अस्तित्त्व , समन्वय आदि गुण विकसित होते हैं । वह उसके आस पास का वातावरण हरदम प्रफुलित रहता हैं । आलस्य, प्रमाद, क्रोध,मान, माया,लोभ आदि - आदि उससे दूर रहते हैं । एक नई ऊर्जा उसके जीवन में संचरित हो जाती है। वह व्यक्ति सच में बुद्धि से भरपूर होता हैं । लोगों में गण मान्य होता हैं । अपनी आत्मा का कल्याण कर वही एक दिन पद निर्वाण को पा सकता हैं । यही हमारे लिए काम्य हैं ।

**> प्रदीप छाजेड़**

## प्रियंका ने कहा- मणिकर्णिका घाट को मिटाना पाप, साजिशें बंद हों, मणिकर्णिका घाट पर पुनर्विकास परियोजना का काम चल रहा

# काशी ही बीजेपी के विनाश का कारण बनेगी : अखिलेश

### खड़गे ने लिखा- क्या धरोहर को मिटाकर नेम प्लेट चिपका देंगे

**मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री को टैग करके एक्स पर लिखा- क्या इन सब के पीछे व्यवसायिक मित्रों को फायदा पहुंचाने की मंशा है? जल, जंगल, पहाड़, सब आपने उनके हवाले किए हैं, अब सांस्कृतिक विरासत की बारी आ गई है।**



विवाद के बीच प्रशासन ने यह मॉडल जारी किया है, ध्वस्तीकरण के बाद घाट को ऐसा बनाया जाएगा।

**ध्वस्तीकरण**

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । काशी के महा श्मशान मणिकर्णिका घाट के ध्वस्तीकरण पर कांग्रेस और सपा ने सवाल उठाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- अविनाशी काशी ही भाजपा के विनाश का कारण बनेगी। भाजपा ये सब सिर्फ पैसे कमाने के लिए कर रही।



यह विश्वनाथ मंदिर के तरफ का हिस्सा जहां पिलर का काम चल रहा है।

### 'भाजपा को न काशी और न ही काशी वासियों से मतलब'

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा- राजमाता, पुण्यश्लोक, धर्मरक्षिका पूजनीय देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की मूर्ति के अपमान और उनकी सनातनी काशी-विरासत के प्रति तिरस्कार पूर्ण कार्रवाई को कोई भी सच्चा आस्थावान नहीं सहेगा। भाजपाई ये सब काम सिर्फ पैसा कमाने के लिए कर रहे हैं, उनको न काशी से मतलब है न काशी वासियों से, न उनसे जुड़े किसी ऐतिहासिक महान व्यक्तित्व से। अविनाशी काशी ही भाजपा के विनाश का कारण बनेगी।

प्रियंका गांधी ने X पर लिखा- देश की धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को मिटाना घोर पाप है। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर पोस्ट करके प्रधानमंत्री से 2 सवाल पूछे। दरअसल, मणिकर्णिका घाट पर 25 करोड़ रुपए की लागत से पुनर्विकास परियोजना का काम चल रहा है। इसके तहत मणिकर्णिका घाट को तोड़ा गया है। इससे निकले मलबे को बड़ी नाव की मदद से गंगा पार भेजा जा रहा है। तोड़फोड़ के दौरान मिले कलाकृतियों को जिला प्रशासन ने सांस्कृतिक विभाग के मदद से संरक्षित करके गुरुधाम में रखवाया है।

**देश की जनता के आपसे 2 सवाल हैं...**

1. जीर्णोद्धार, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण विरासत को सहेज कर भी हो सकता था?

पूरे देश को याद है संसद परिसर से आपकी सरकार ने किस तरह से महात्मा गांधी, बाबासाहेब अंबेडकर समेत भारत की महान हस्तियों की प्रतिमाओं को बिना किसी राय-मशवरे के एक कोने में रखवा दिया।

जलियांवाला बाग मेमोरियल की दीवारों से इतिहास से हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को इसी Renovation के नाम पर मिटाया गया।

2. सैकड़ों साल पुरानी मूर्तियों को मलबे में क्यों डाला, किसी म्यूजियम में संभाल कर रखा जा सकता था?

आपने दावा किया था "मां गंगा ने बुलाया है" आज आपने मां गंगा को भुला दिया है। बनारस के घाट बनारस की पहचान हैं। क्या आप इन घाटों को जनता की पहुंच से दूर करना चाहते हैं? लाखों लोग हर वर्ष काशी मोक्ष प्राप्ति के लिए अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में आते हैं। क्या आपकी मंशा इन श्रद्धालुओं से विश्वासघात करने की है ?

### प्रियंका ने लिखा- सांस्कृतिक पहचान मिटा रहे

प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा- बनारस में मणिकर्णिका घाट पर बुल्डोजर चलाकर सदियों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मणिकर्णिका घाट और इसकी प्राचीनता का धार्मिक महत्व तो है ही, इससे लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की स्मृतियां भी जुड़ी हैं। विकास के नाम पर, चंद लोगों के व्यवसायिक हितों के लिए, देश की धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों को मिटाना घोर पाप है। इसके पहले भी बनारस में रिनोवेशन के नाम पर कई सदी पुराने अनेक मंदिर ध्वस्त किए जा चुके हैं। काशी की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान मिटाने की ये साजिशें तत्काल बंद होनी चाहिए।

**फास्ट न्यूज**

### जीडीए कर्मचारी बनकर की ठगी

गोरखपुर । गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) का कर्मचारी बनकर एक लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीएम आवास योजना से घर दिलाने का झांसा देकर गोरखनाथ क्षेत्र के व्यक्ति से ढाई लाख रुपये मांगे गए थे। एक लाख रुपये लेकर आवास का फर्जी अलाटमेंट पेपर भी जालसाज ने दे दिया। वार्ड नंबर 55 रसूलपुर निवासी असगर अली ने गुरुवार को तहरीर देकर गोरखनाथ थाने में मोहरीपुर निवासी विजय प्रताप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### भारत के मुख्य न्यायाधीश समेत 18 जज पहुंचे काशी

वाराणसी । भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली आज दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचे है। बनारस पहुंचने के बाद CJI 6 बजे काशी विश्वनाथ मंदिर जाएंगे। बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन करेंगे।

ताज होटल में रात्रि विश्राम के बाद 17 को वे चंदौली में जिला न्यायालय के शिलान्यास कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। CJI के आने जाने से पहले ट्रैफिक रोका गया। इस वजह से जाम लग गया है। जाम में एक स्कूल बस फंस गई।

### 22 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

रामसनेही घाट । बाराबंकी के रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक 22 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवती के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने अपनी मौत का कारण बीमारी बताया है।

## यूपी में जीजा-साली हाथ पकड़कर ट्रेन के आगे कूदे

तमसा संकेत, एजेंसी

हरदोई । हरदोई में जीजा-साली ने सुसाइड कर लिया। दोनों हाथ पकड़कर ट्रेन के आगे खड़े हो गए। ऊपर से ट्रेन गुजर गई। हादसा इतना भयावह था कि शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गए। अंग ट्रैक में फंस गए और मांस के लोथड़े आसपास बिखर गए। हादसे के कारण हावड़ा–काठगोदाम बाघ एक्सप्रेस को 45 मिनट तक रोकना पड़ा। पुलिस शवों को पॉलिथीन में भरकर ले गई। लापता लोगों की सूची से मिलान किया गया। 15 घंटे बाद परिजनों ने शरीर पर तिल, चोटों के निशान और कपड़ों से दोनों की पहचान की।

पुलिस जांच में पता चला है कि रितेश सिंह (28) का छोटे भाई की साली मुस्कान से 2 साल से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। परिजनों को इसकी भनक लग गई थी। उन्होंने इसका विरोध किया और मुस्कान के लिए लड़का तलाशने लगे। इसके चलते दोनों ने जान दे दी। घटना



रितेश मृतक जीजा | मुस्कान मृतक साली

**चीथड़े उड़े, तिल-कपड़ों से पहचान 2 साल से चल रहा था अफेयर**

जिला मुख्यालय से महज 2 किलोमीटर दूर देहात कोतवाली क्षेत्र की है।

रितेश सिंह बघौली थाना क्षेत्र के गड़ेउरा का रहने वाला था। हरियाणा के बहादुरगढ़ में रैक्सीन सोल बनाने वाली फैक्ट्री में काम करता था। अभी उसकी शादी नहीं हुई थी। वहीं, मुस्कान बीए कर चुकी थी और नौकरी तलाश रही थी। रितेश के छोटे भाई की शादी 3 जुलाई 2024 को मुस्कान की बड़ी बहन शिवी सिंह से हुई थी।

# मां ने 4 महीने की बच्ची के साथ की खुदखुशी

### पति की मौत के बाद देवर से की थी शादी, भाई ने कहा- 10 लाख के लिए मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज में मां ने अपनी 4 महीने की मासूम बेटी के साथ कुएं में कूदकर जान दे दी। मां-बेटी की मौके पर मौत हो गई। दोनों के शवों को निकाल लिया गया है। महिला ने अपने पति की मौत के बाद देवर से शादी की थी। पति की मौत के बाद महिला को 10 लाख रुपए मिले थे। इसी को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार को महिला अपने मायके से ससुराल आई थी। शाम को पति से इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद महिला ने अपनी बेटी के साथ कुएं कूदकर जान दे दी। मृतका के भाई ने कहा- 10 लाख के लिए मेरी बहन को मार डाला है। भाई की तहरीर पर



दृष्टि, मृतक बच्ची | सोनम पटेल, मृतक मां

मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामला कौंधियारा थाना क्षेत्र के बड़गोहना खुर्द गांव की है। कौंधियारा थाना क्षेत्र के बड़गोहना खुर्द गांव में सोनम (24) अपने पति शिवबाबू (26) और दो बेटी सृष्टि (3) और 4 माह की दृष्टि के साथ रहती थी। सोनम की पहली शादी वर्ष 2018 में ज्ञानचंद्र उर्फ बाबू साहब से हुई थी। करीब एक साल पहले ज्ञानचंद्र की मौत हो गई थी।

### भाई ने कहा- पैसे के लिए मार डाला

मायके पक्ष ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोनम के भाई ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि सोनम के पूर्व पति ज्ञानचंद्र की मौत बिजली टावर से गिरने के कारण हुई थी, जिसके बाद हर्जाने के रूप में कुछ धनराशि प्राप्त हुई थी। आरोप है कि इसी धन के लालच में शिवबाबू और उसके जीजा लक्ष्मण पटेल निवासी निबैया, मेजा ने सोनम को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित किया और साजिश के तहत सोनम व उसकी मासूम बेटी की हत्या कर शव कुंए में फेंक दिया।

## चर्चायें अनेक, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम पर सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक बीते दिन सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि जनपद को "जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट" के रूप में विकसित किए जाने के उद्देश्य से सतत, समन्वित एवं प्रभावी प्रयास सुनिश्चित किए जाएं। समीक्षा बैठक की प्राथमिकता सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम परन्तु बिडम्बना देखें कि कि शहर अंदर ऐसे भी हैं वो अपनें में लोगों की चर्चा बन जाती हैं ।


**उत्तर रेलवे**

**ई ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल– वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | BE-LKO-LKO-Gen-52-25-1 (Banking e-Lobby) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-PFM-OSN-545-25-1 (Advertising On Station Premise (Non Digital) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | PnU-LKO-PFM-WRL-104-24-1 (Pay and Use-Lounge/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | PnU-LKO-PYGS-WRL-79-25-1 (Pay and Use-Lounge/Waiting/ Retiring/Cloak Rooms) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | MSS-LKO-PRG-MCK-65-24-1 (Misc-Static Services-Digital Mobile Charging Kiosks) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | MSS-LKO-PFM-MedStn-74-24-1 (Misc-Static Services-Medical Facilities at Station) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | MSS-LKO-PFM-THDPK-93-24-2 (Misc-Static Services-Travel Help Desk/Travelers Information and Promotional Kiosk) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 03.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 19.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 19.01.2026 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-LKO-OSD-585-25-1 (Advertising-Train On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-LKO-BSB-OSD-586-25-1 (Advertising-Train On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-SDG-250095-3-26-1 (Advertising-Strips on Door Glass (Entry/Exit) of trains) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-SDG-248107-4-26-1 (Advertising-Strips on Door Glass (Entry/Exit) of trains) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | ADVT-SDG-221981-3-26-1 (Advertising-Strips on Door Glass (Entry/Exit) of trains) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20.01.2026 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 20.01.2026 समय 11:10 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

No:Va Vi/LKO DIV/ Publicity/CPRO/2025/KKG Dt. 01.2026 156/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## ट्यूबवेल का पानी भरने से आलू सरसों की फसल खराब होने की आशंका

तमसा संकेत, संवाददाता

**ग्रामीणों के मुताबिक, पर्वतपुर निवासी शिव कैलाश लाही, प्रमोद कुमार, उमेश मिश्रा की आलू की फसलें और अनुरुद्ध व शिवराम की सरसों की फसलें पानी में डूब गईं। कई घंटों तक खेतों में पानी भरा रहने से आलू और सरसों की फसलों को भारी नुकसान होने की आशंका है।**

सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक स्थित पर्वतपुर गांव में गुरुवार देर रात अज्ञात व्यक्ति ने ट्यूबवेल खोल दिया। इससे कई किसानों के खेतों में पानी भर गया, जिससे उनकी फसलें डूब गईं। किसानों में हड़कंप मच गया और फसल खराब होने की आशंका बढ़ गई है।

किसानों ने बताया कि गुरुवार रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर ट्यूबवेल चालू कर दिया और मौके से फरार हो गया। रातभर किसी को इसकी जानकारी नहीं हुई, जिससे सुबह तक खेत पानी से लबालब भर गए। सुबह खेतों में पानी देखकर किसानों को नुकसान का पता चला। कई किसानों ने तुरंत ट्यूबवेल बंद कराया, लेकिन तब तक फसलों को क्षति पहुंच चुकी थी। पीड़ित किसानों के अनुसार, आलू की तैयार फसल में अधिक समय तक पानी भरा रहने से सड़न की समस्या पैदा हो जाती





है। वहीं, सरसों की फसल में जड़ गलने का खतरा बढ़ जाता है। किसानों ने आशंका जताई है कि यदि समय पर पानी की निकासी नहीं हुई तो फसल उत्पादन पर गंभीर असर पड़ेगा। किसानों ने इस घटना को शरारती तत्वों का काम बताते हुए प्रशासन से मामले की जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने फसल नुकसान का आकलन कराकर उचित मुआवजा दिए जाने की भी अपील की है। ग्रामीणों ने चिंता व्यक्त की है कि यदि ऐसी घटनाओं पर समय रहते रोक नहीं लगाई गई, तो किसानों को हर साल इसी तरह का नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से ट्यूबवेलों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और रात में निगरानी बढ़ाने की मांग की है।

## जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय वर्चुअल बैठक संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर की एक वर्चुअल बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जिसमें देशभर से करीब आधा सैकड़ा पदाधिकारियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान पत्रकारिता से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य एजेंडा पत्रकारों की सुरक्षा रहा। वक्ताओं ने पत्रकारिता के दौरान बढ़ते जोखिम, उत्पीड़न, हमलों तथा प्रशासनिक उपेक्षा जैसे गंभीर मुद्दों पर चिंता व्यक्त की। पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत बनाए रखने के लिए पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

इस अवसर पर पत्रकार सुरक्षा कानून को प्रभावी ढंग से लागू कराने, जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों को संरक्षण देने तथा संगठनात्मक स्तर पर एकजुट होकर आवाज बुलंद करने पर जोर दिया



**पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर हुआ गहन मंथन**

गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि इस विषय को लेकर भविष्य में केंद्र व राज्य सरकारों से संवाद स्थापित किया जाएगा।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने पत्रकार सुरक्षा कानून को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी प्रदेशों के पदाधिकारी अपने-अपने राज्यों में सक्षम और जिम्मेदार लोगों से मिलकर इस दिशा में ठोस प्रयास करें।

## गौ सेवा करने से कष्ट होते हैं दूर: कृष्ण दास महाराज

### श्री गंगा गौशाला में गायों को उड़ाए गए कम्बल

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। वृंदावन में परिक्रमा मार्ग राजपुर स्थित श्री गंगा गौशाला में गौ माता की पूजा अर्चना कर गायों को कंबल उढाए गए। गौ सेवक अंतः कृष्ण दास महाराज ने गायों को कंबल उढाने के बाद कहा गौ सेवा के करने से सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। गौ संवर्धन के लिए सभी को गाय पालना चाहिए। आज गायों की हालत खराब है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह अपनी गायों को खुले ना छोड़े जिससे वह गंदा कचरा खाने से बच सकें। बृज की रज सरोवर वन उपवन व बृज जन पूजनीय है। गौ सेवा सबसे बड़ी सेवा है। गौ सेवा निरंतर जारी रहेगी।गौशाला के श्री राम किंकर दास महाराज ने कहा गायों की सेवा के लिए सभी को आगे आकर ऐसी सेवा में भाग लेना



चाहिए। केसरिया हिंदू वाहिनी के पूर्व ब्रज क्षेत्र मीडिया प्रभारी पंडित उत्तम शर्मा ने कहा गाय में 33 कोटि देवता वास करते हैं।यह हमारी मान सम्मान व स्वाभिमान है। इससे समझौता नहीं किया जाएगा। गौ सेवा से लोग विमुख हो रहे हैं। लोगों में जन जागरूकता से ही गायों की रक्षा संभव है। इस दौरान महेश शर्मा, राधाबल्लभ पुरोहित, शाहूकार शर्मा,राधिका दीदी आदि मौजूद रहे।

**आयोजन : शिक्षक पुत्र होने के नाते समझता हूँ शिक्षकों का दर्द : श्रीकांत शर्मा**

# नगर क्षेत्र की संगोष्ठी में सम्मानित हुए शिक्षक

- नगर सीमा विस्तार में शामिल नवीन शिक्षकों का किया स्वागत
- मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे पूर्व मंत्री व मथुरा वृंदावन के विधायक श्रीकांत शर्मा

**कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आचार्य पूर्ण प्रकाश कौशिक जी महाराज ने कहा कि शिक्षक भविष्य की नई पीढ़ी की बुनियाद रखते हैं, इसलिए शिक्षकों का दर्जा सर्वोच्च बताया गया है।**

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। नगर संसाधन केन्द्र के शिक्षकों की शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन स्थानीय होटल में किया गया। इस दौरान सीमा विस्तार से नगर निगम सीमा में शामिल होने वाले 369 शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ



मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा मंत्री व मथुरा वृंदावन के विधायक श्रीकांत शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसोसिएशन व प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा स्थानीय होटल में आयोजित समारोह में श्रीकांत शर्मा ने कहा कि एक शिक्षक पुत्र होने के नाते वह शिक्षकों की परेशानियों को बखूबी समझते हैं। उनका प्रयास रहता है कि शिक्षकों व परिषदीय विद्यालयों के लिए वह अपना अधिक से अधिक सहयोग दे सकें। विधायक श्रीकांत शर्मा के संबोधन ने मौजूद शिक्षकों में नई ऊर्जा का संचार किया। उनके द्वारा राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त शिक्षक सुनीता गुप्ता व नीरज मथुरिया को सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाध्यापक व राष्ट्रपति पदक से सम्मानित शिक्षाविद डॉ0 अजय शर्मा व संघ के विभाग प्रमुख शिवकुमार शर्मा, भाजपा के जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेय, नगर शिक्षाधिकारी राकेश कुमार, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष देवेन्द्र सारस्वत, प्राथमिक के जिलाध्यक्ष लोकेश गोस्वामी, विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र चौधरी ने मौजूद शिक्षकों को संबोधित किया। अतिथियों का पटुका पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर आभार प्रकट किया गया। शिक्षक संगोष्ठी में एआरपी प्रीति भटनागर, एसआरजी अमित कुमार, दिव्या मिश्रा व रेनू राना , गिरीश कौशिक द्वारा निपुण भारत मिशन व अन्य कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई।

धक्का-मुक्की ■ महिलाएं बोलीं- पुलिस ने लाठियों से पीटा ■ सपा सरकार ने रूट बदला था

# बदायूं में प्रभात फेरी निकालने पर बवाल

**झड़प**

तमसा संकेत, एजेंसी

बदायूं । बदायूं में प्रभात फेरी निकालने को लेकर पुलिस और गांव वालों के बीच झड़प हो गई। प्रभात फेरी के रूट को लेकर शुरू हुए विवाद में जमकर धक्का-मुक्की हुई। गांव वालों का आरोप है कि पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा।

मामला इस्लामनगर थाना क्षेत्र के ब्योर कासिमाबाद गांव का है। यहां शुक्रवार को प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। गांव वालों का कहना है कि वे 50 साल से प्रभात फेरी निकालते आ रहे हैं, लेकिन आज पुलिस ने इसे रास्ते में ही रोक दिया। कहने लगे कि जिस रास्ते से फेरी निकाली जा रही है, वह विवादित है। दरअसल, 2012 में सपा सरकार ने मुस्लिम पक्ष की आपत्ति के बाद फेरी का रूट बदल दिया था। इस बार ग्रामीण इसे पुराने रूट से ही निकालने जा रहे थे। इसे लेकर पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फेरी को रोक दिया। इससे ग्रामीण नाराज हो गए। पुलिसवालों से कहासुनी करने लगे।



> मुस्लिम पक्ष का कहना था कि फेरी के रूट पर मस्जिद पड़ती है। इससे नमाज में दिक्कत होती है। रास्ता भी ऊबड़ खाबड़ है। ऐसे में प्रशासन ने फेरी का रूट बदलवा दिया। अब जब रोड ठीक हो गई हैं तो हिंदू समुदाय के लोगों ने पुराने रेट से ही फेरी निकालनी चाही।

### एसपी देहात ने ग्रामीणों को समझाकर निकलवाई फेरी

सूचना पर पहुंचे एसपी देहात डॉ. हृदयेश कठेरिया ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों ने प्रभात फेरी रोकने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर हंगामा शुरू कर दिया। काफी गहमा-गहमी के बाद पुलिस बैकफुट पर आई और प्रभात फेरी को अपने सामने ही उसी रूट से निकालवाया।प्रभात फेरी निकालने के बाद भी घायल महिलाओं और युवकों के परिजन कार्रवाई की मांग पर अड़े हुए हैं। एसपी देहात डॉ. कठेरिया ने बताया- प्रभात फेरी का विरोध लोगों ने किया था, इसी कारण इसे रोका गया था। बाद में पता चला कि यह फेरी कई साल से इसी रूट से निकलती रही है। इसलिए मौके पर पहुंचकर इसे सुरक्षित रूप से निकलवाया गया।



■ लाठीचार्ज की भगदड़ में महिला घायल हो गई। इसके बाद सीएचसी में महिला को भर्ती कराया।

### पीड़ितों ने क्या कहा?

गांव के रहने वाले एक युवक ने बताया- यहां लेडी पुलिस की कोई भी तैनाती नहीं थी, इसके बावजूद महिलाओं पर लाठीचार्ज किया गया। आरोप है कि नरेश कुमार नाम के अधिकारी के निर्देश पर लाठीचार्ज कराया गया। इसमें गांव के 50 लोग घायल हुए। इसमें महिलाएं भी शामिल थीं।

एक अन्य युवक ने बताया कि शुरुआत में कोई विवाद नहीं हुआ था, लेकिन अचानक सीओ स्तर से लाठीचार्ज का आदेश दे दिया गया। पुलिसकर्मियों ने लोगों को पहले जमीन पर गिराया और फिर पैरों पर डंडे मारे। महिलाओं और पुरुषों दोनों को चोटें आई हैं। करीब 10 महिलाएं घायल हुई हैं।

## आपातकालीन स्थितियों से निपटने को हमेशा तैयार रहें अधिकारी : डीएम

तमसा संकेत, संवाददाता




बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस पर जनपद मुख्यालय में नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाली ब्लैकआउट मॉक ड्रिल की तैयारियों के संबंध में थी। इस दौरान जिलाधिकारी ने मॉक ड्रिल के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य लक्ष्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों का आकलन करना, विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करना और किसी भी वास्तविक आपदा के समय प्रतिक्रिया समय को कम करना है। साथ ही, जीवन और संपत्ति की रक्षा के लिए सभी विभागों को मुस्तैद रखना भी इसका एक प्रमुख उद्देश्य है। डीएम ने बताया कि आगामी 23 जनवरी को होने वाली इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले की चेतावनी के लिए सायरन बजाया जाएगा। सायरन बजते ही प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैकआउट किया जाएगा और नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने की प्रक्रिया का अभ्यास कराया जाएगा। हवाई हमला समाप्त होने पर 'ऑल क्लियर' सायरन ध्वनित किया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग, स्काउट गाइड स्वयंसेवक, नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक और एनसीसी स्वयंसेवक छोटी आग बुझाने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने, गंभीर घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने और ध्वस्त भवनों से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का प्रदर्शन करेंगे।

**फास्ट न्यूज**

### कानपुर में चलती ट्रेन से गिरी महिला

कानपुर । कानपुर रेलवे स्टेशन पर एक महिला चलती ट्रेन में चढ़ते समय फिसलकर गिर गई। इस दौरान मौके पर मौजूद जीआरपी हेड कॉन्स्टेबल की सतर्कता से महिला की जान बच गई।

यह घटना कानपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर शाम 5:31 बजे हुई। ट्रेन संख्या 12179 आगरा फोर्ट इंटरसिटी रवाना हो रही थी। एक महिला अपने बच्चे के साथ चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रही थी।

### बीजेपी विधायक के बोटी वाले बयान पर हंगामा

कानपुर । कानपुर में 'मस्जिदों के सामने सुअर की बोटियां मिलेंगी', बोलने वाले बीजेपी विधायक के खिलाफ मुस्लिमों ने प्रदर्शन किया। कहा- राहुल बच्चा सोनकर ने हेट स्पीच दी है। इसलिए उन पर भी आजम खान की तरह ही केस दर्ज होना चाहिए। दरअसल, 12 जनवरी की रात दुर्गा मंदिर के पास खेत में 100 गोवंश के अवशेष मिले थे। इस पर विधायक राहुल बच्चा सोनकर बिल्हौर थाने पहुंचे थे। उन्होंने ADCP कपिल देव सिंह और पुलिस स्टाफ के सामने कहा कि अगर आरोपियों को 48 घंटे के अंदर अरेस्ट नहीं किया तो बिल्हौर की सभी मस्जिदों के सामने बोटियां फिंकवा दूंगा।

### पिता-बेटे ने 2.44 करोड़ ठगे

आगरा । न्यू आगरा थाना क्षेत्र में पिता-पुत्र ने कंपनी बनाकर आईपीओ में निवेश का झांसा देकर पांच लोगों से 2.44 करोड़ रुपए ठग लिए। थाना न्यू आगरा में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आरोपी घर से भाग गए। पुलिस ने छह महीने पहले पिता अतुल यादव को पकड़ा था। अब बेटे अनमोल यादव को गिरफ्तार कर लिया। वह बीबीए द्वितीय वर्ष का छात्र है।

## बिजनौर में मासिक अपराध गोष्ठी का हुआ आयोजन

### एसपी ने दिए प्रभावी रणनीति अपनाने के निर्देश





तमसा संकेत, संवाददाता

बिजनौर। पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना/शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान जनपद की कानून-व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी रणनीति अपनाने के निर्देश दिए गए। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने हेतु आवश्यक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा यक्ष ऐप के प्रभावी उपयोग के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय पुलिसिंग, जनसहयोग को सुदृढ़ करने तथा संवेदनशील मामलों में प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश दिए गए।

### दो अलग-अलग बंद घरों से लाखों की चोरी पीड़ितों ने दी तहरीर

चांदपुर । जनपद बिजनौर में अज्ञात चोरों ने दो अलग-अलग स्थानों पर बंद घरों को निशाना बनाया और लाखों रुपये की चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना धामपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई सराय में हुई। एक दंपति शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपना घर बंद कर गए थे। चोरों ने उनके मकान के ताले तोड़ दिए और घर के भीतर रखी तिजोरी से लाखों रुपये की नकदी और जेवरात चुराकर फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी है। पीड़ित दंपति नजीबाबाद में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। स्थानीय लोगों ने जब मकान के ताले टूटे देखे तो उन्होंने दंपति को फोन पर सूचना दी। घर लौटने पर उन्होंने देखा कि अलमारियां और सामान बिखरा पड़ा था।

आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोगों ने सहभागिता की

## विचार, संस्कृति और संगठन का संगम शताब्दी आयोजन

तमसा संकेत, संवाददाता

झालू। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को झालू नगर में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में समाज की एकजुटता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक दायित्वों पर व्यापक विमर्श हुआ। हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में नगर व क्षेत्र के लोगों ने सहभागिता की।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति संगठन और संस्कार से आती है। उन्होंने जातिगत भेदभाव को सामाजिक कमजोरी बताते हुए कहा कि सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। डॉ. हरीश रौतेला ने सामाजिक समरसता को राष्ट्र की मजबूती का आधार बताते हुए कहा कि सेवा कार्यों के माध्यम से समाज को जोड़ने का कार्य निरंतर चलना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने नशामुक्ति, महिलाओं के सम्मान और प्लास्टिक मुक्त समाज की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

सम्मेलन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले नगर के लोगों को सम्मानित किया गया। सेना में कप्तान के पद पर कार्यरत यथार्थ अग्रवाल, सिविल जज बनीं साक्षी चौधरी, समाजसेवी डॉ. उपेंद्र राणा, डॉ. अरविंद चौधरी, अधिवक्ता मोहित चौधरी, ग्रेट इंडियन एकेडमी के प्रबंधन से जुड़े गौरव डबरा, व्यापारी नेता अमित अग्रवाल एवं सुमित सिंघल को सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वामी रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने की, जबकि संचालन शिवम अग्रवाल एडवोकेट ने किया।




> राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े वक्ता अरुण कांत ने संगठन की शताब्दी यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ ने समाज के बीच रहकर सेवा, शिक्षा और संस्कार का कार्य किया है। उन्होंने नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन और पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।

### दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ

वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भारत माता की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन के दौरान वक्ताओं ने हिंदू समाज के सामने मौजूद सामाजिक चुनौतियों, आपसी समरसता की आवश्यकता और राष्ट्र निर्माण में नागरिक भूमिका पर विचार साझा किए। स्वदेशी को बढ़ावा देने, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया।

निजी नर्सिंग होमो में हो रही है मनमानी, आखिर कौन दे रहा है संरक्षण

## कुकुरमुत्ता की तरह फैला है प्राइवेट हॉस्पिटल्स का जाल

तमसा संकेत, संवाददाता




बिजनौर । जनपद बिजनौर में हॉस्पिटल्स बिना मानक के चलाये जा रहे हैं । जिलेभर में अधिकतर संचालित अस्पतालों का रजिस्ट्रेशन भी नहीं है। आपको बता दें बिजनौर में कुकुरमुत्ता की तरह प्राइवेट हॉस्पिटल्स का जाल फैला हुआ है। इन निजी नर्सिंग होमो में खुलेआम मनमानी की जा रही है। ना डिग्री ना अनुभव फिर भी प्राइवेट हॉस्पिटल चला रहे हैं।

**सवाल यह है कि आखिर संरक्षण**

**कौन दे रहा है,और किसकी शह पर जनपद में अवैध**

प्राइवेट हॉस्पिटल चल रहे है।

जिले के हर क्षेत्र में जगह-जगह हॉस्पिटल खोलकर झोलाछाप डॉक्टरों को बैठा कर मरीज के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा हैं बिना डिग्री के प्राइवेट हॉस्पिटल में डाक्टर कर रहे हैं मरीज का इलाज फिर भी बिजनौर का सी.एम.ओ कार्यालय नहीं जाग रहा है । जिले में आए दिन प्राइवेट अस्पताल में जच्चा और बच्चा की मौत के समाचार प्रमुखता से छाप रहे हैं । लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कुंभकरण नींद से जगाने को तैयार नहीं है। स्वास्थ्य विभाग दिखावे और फाइलों का पेट भरने के नाम पर छोटी मोटी कार्रवाई कर अपने कर्तव्य की इति श्री कर लेता है। अभी हाल ही में 2 माह के अंदर अंदर फर्जी डॉक्टरों द्वारा इलाज के चलते महिलाएं व नवजात शिशु मौत का शिकार हो चुके हैं।

### धामपुर में बिना रोक-टोक चल रहे अस्पताल बने मौत का केंद्र

धामपुर के कथित मैक्स अस्पताल का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अबकी बार एक गर्भवती महिला की जान पर बन आई , नार्मल डिलीवरी का झांसा, फिर अचानक ऑपरेशन! डा. प्रीति के पास कोई वैध डिग्री नहीं फिर भी कर डाला ऑपरेशन जिस महिला की जान पर बन आई। गौरतलब है कि पहले चौहान चिल्ड्रन हॉस्पिटल में बच्चे की मौत का प्रकरण अभी शांत भी नहीं हुआ था। अस्पताल सील हुआ नाम बदला अब दूसरी बड़ी घटना! सवाल ये नहीं कि गलती हुई, सवाल ये है कि बिना डिग्री के इलाज की इजाज़त किसने दी? कब जागेगा स्वास्थ्य विभाग? कब रुकेगा गरीबों की जान से खिलवाड़?

धामपुर में फर्जी डॉक्टरों का जाल लोगों की जान से खिलवाड़ करने का साधन बने हुए हैं। अब अब मैक्स अस्पताल बना चर्चा का केंद्र ,स्वास्थ्य_माफिया जवाब_दो इंसाफ_चाहिए।

यह सिर्फ खबर नहीं, सिस्टम पर तमाचा है!

## घटना : आग लगने से घर की गृहस्थी सहित दो पशु झुलसे



तमसा संकेत, संवाददाता



सूरतगंज (बाराबंकी)। ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में बीती देर रात उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक गांव में अज्ञात कारणों के चलते भीषण आग लग गई जिसमें हजारों का सामान जलकर राख हो गया तो दो पशु भी झुलस गाए साथ ही पास में स्थित अन्य घरों दो चोपड़ियो को भी अपनी चपेट में ले लिया प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत क्योटली के झंडा पर गांव निवासी रामसजीवन के घर में गुरुवार की देर रात को अज्ञात कारणों के चलते छप्परनुमा मकान में आग लग गई जिसे देखते ही देखते पड़ोस में रह रहे कमलेश, संतू तथा सियाराम पुत्र जगन्नाथ के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। रात का समय होने के कारण ग्रामीणों को आग लगने की जानकारी देर से हुई, जिससे आग तेजी से फैल गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए बाल्टियों और अन्य संसाधनों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। आग की चपेट में आने से रामसजीवन की एक भैंस जबकि एक अन्य भैंस का लीचर गंभीर रूप से झुलस गया। इस हादसे में घरेलू सामान, भूसा, अनाज 5 हजार की नगदी सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं भी जलकर राख हो गईं, जिससे पीड़ित परिवारों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल तहसील प्रशासन और पशु चिकित्सक को मामले से अवगत कराया। पशु चिकित्सक द्वारा घायल पशु के उपचार की शुरू कर दिया। वहीं प्रशासन से पीड़ित परिवारों को राहत एवं मुआवजा दिलाने की मांग की गई है। जबकि प्रशासन ने मुआवजा देने का आश्वासन दिया है।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'ठाकरे ब्रांड' का ...

इनमें 64 सीटें शिवसेना (यूबीटी) को एवं नौ सीटें मनसे को मिली हैं। ठाकरे बंधु 20 साल बाद साथ आकर भी बीएमसी की सत्ता हासिल नहीं कर पाए।

पिछले लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों के विपरीत इस बार महाविकास आघाड़ी से अलग होकर लड़ी कांग्रेस की स्थिति दो बड़े गठबंधनों के बीच सैंडविच बनकर रह गई। डा.भीमराव आंबेडकर के पौत्र प्रकाश आंबेडकर की पार्टी वंचित बहुजन आघाड़ी से गठबंधन करके भी कांग्रेस 15 सीटों से आगे नहीं बढ़ सकी।

बीएमसी चुनाव में मुस्लिम मतदाताओं का झुकाव स्पष्ट रूप से शिवसेना (यूबीटी) की ओर होने के बावजूद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम ने छह सीटों पर जीत हासिल की है।

इस बड़ी जीत के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने एक्स एकाउंट पर लिखा है कि भाजपा ने 2025-26 के महानगरपालिका चुनावों में जीत हासिल कर एक बार फिर इतिहास लिख दिया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुभवी नेतृत्व एवं उनके साथ-साथ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह तथा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के मार्गदर्शन तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण की कड़ी मेहनत से यह जीत हासिल हुई है।

### देश के सबसे ...

भाजपा के गलियारों में चर्चा तेज है कि मुंबई का अगला मेयर कौन होगा। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी किसी अनुभवी मराठी चेहरे को यह जिम्मेदारी दे सकती है ताकि 'मराठी विरोधी' होने के आरोपों को खारिज किया जा सके।

पिछले विधानसभा चुनाव में सिर्फ 20 सीटें हासिल करनेवाली उद्धव ठाकरे की पार्टी के लिए इस हार के साथ ही आगे की राजनीतिक राह और भी कठिन होती दिख रही है। जबकि भाजपा ने मुंबई पर कब्जा कर राज्य की राजनीति में अपनी बादशाहत कायम कर ली है।

### कांग्रेस का आरोप ...

अमेरिका ने भारत को 27 अक्टूबर 2025 तक के लिए चाबहार से व्यापार करने की छूट दी थी। इसके खत्म होने से पहले ही एक बार फिर अमेरिका ने इसे 6 महीने के लिए बढ़ा दिया। यानी अब यह छूट 26 अप्रैल 2026 तक मिलती रहेगी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने आज बताया कि 28 अक्टूबर 2025 को अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारत को एक पत्र भेजकर इस छूट से जुड़े दिशा-निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा कि भारत अब इसी तय व्यवस्था के तहत अमेरिका से बातचीत कर रहा है, ताकि चाबहार पोर्ट से जुड़े काम बिना रुकावट आगे बढ़ते रहें।

### सभी टोल प्लाजा ...

हालांकि, अभी आधिकारिक नोटिफिकेशन आना बाकी है।

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय इस डिजिटल बदलाव को लागू करने के लिए अंतिम रूप दे रहा है। वर्तमान में फास्टैग अनिवार्य होने के बावजूद कई जगहों पर कैश लेनदेन होते हैं। डिजिटल पेमेंट न करने वाले वाहनों के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। कैश बंद होने से गाड़ियों को टोल बूथ पर रुकना नहीं पड़ेगा।

कैश पेमेंट बंद करना देश में 'मल्टी-लेन फ्री फ्लो' (MLFF) सिस्टम की दिशा में पहला कदम है। सरकार ऐसी तकनीक पर काम कर रही है, जिसमें हाईवे पर कोई फिजिकल बैरियर (नाका) नहीं होगा। गाड़ियां हाईवे की रफ्तार पर चलती रहेंगी और कैमरों व सेंसर्स की मदद से टोल अपने आप कट जाएगा।

नया नियम लागू होने से पहले वाहन चालकों को सलाह दी गई है कि वे अपने फास्टैग अकाउंट को एक्टिव रखें। अगर आप फास्टैग का उपयोग नहीं करते हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपके स्मार्टफोन में UPI पेमेंट की सुविधा चालू हो।

### टोल प्लाज़ा पर मारपीट...

इसके साथ ही बारा फी प्लाज़ा के मौजूदा अनुबंध के तहत जमा की गई 5.3 करोड़ की बैंक गारंटी/परफॉर्मेंस सिक्योरिटी को जब्त एवं भुनाने (एन्कैशमेंट) का भी प्रस्ताव है।

यह घटना अनुबंध समझौते का गंभीर उल्लंघन है, जिसमें यह स्पष्ट रूप से निर्धारित है कि ठेकेदार द्वारा तैनात कर्मी आम जनता के साथ किसी भी प्रकार का कदाचार या दुर्व्यवहार नहीं करेंगे तथा अपने आचरण में पूर्ण अनुशासन और शालीनता बनाए रखेंगे। यह घटना एजेंसी द्वारा अनुशासन, उचित पर्यवेक्षण और अनुबंधीय दायित्वों के पालन में गंभीर विफलता को दर्शाती है।

एनएचएआई सभी राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित एवं संरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है और टोल प्लाज़ाओं पर किसी भी प्रकार के कदाचार या अनुशासनहीनता के प्रति शून्य-सहिष्णुता की नीति अपनाता है।

### बांग्लाभाषी मजदूर ...

इस मंदिर में भगवान शिव की 108 फीट ऊंची कांस्य प्रतिमा होगी। यह काम लगभग ढाई साल में पूरा किया जाएगा। जनता के लिए खोले जाने के बाद इस परिसर का संचालन ट्रस्ट करेगा।

बांग्ला भाषी मजदूरों के साथ अत्याचार भाजपा-शासित राज्यों में हो रहा है। फिर भाजपा कैसे सोचती है कि उसे बंगाल के लोगों का समर्थन मिलेगा? यह एक बेशर्म पार्टी है। वे जानबूझकर बंगाल में दंगे कराने आए हैं। यह भाजपा की योजना है। वे अपने दम पर जीत नहीं सकते, इसलिए साजिश कर रहे हैं। वे लूटते हैं और झूठ बोलते हैं। अल्पसंख्यक समुदायों से अपील करते हुए कहा- मैं अपने अल्पसंख्यक भाइयों और बहनों से शांत रहने का अनुरोध करती हूं। हम हमेशा आपके साथ हैं।

SIR पर कहा- मतुआ, राजबंशी और आदिवासी समुदायों के लोगों के नाम चुन-चुनकर हटाए जा रहे हैं।

मालदा में एक खास समुदाय के 90,000 लोगों को नोटिस भेजे गए। कई जिलों में आदिवासी नागरिकों के नाम हटा दिए गए हैं। आम लोग कहां जाएंगे?

### 30 दिसंबर को ...

ममता ने कहा- कई लोग कहते हैं कि मैं तुष्टीकरण कर रही हूं लेकिन मैं सेक्युलर हूं और सभी धर्मों में विश्वास करती हूं। मुझे बंगाल से प्यार है, मुझे भारत से प्यार है। यही हमारी विचारधारा है।

### महिला प्रतियोगिता...

प्रदेश में पहली स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी मेरठ में बन चुकी है। आजादी के आंदोलन में चौरी-चौरा की घटना, जिसने विदेशी हुकूमत को हिलाने का काम किया था, उसका संबंध भी गोरखपुर की धरती से है। मुंशी प्रेमचंद की यह कर्मस्थली रही है। आज खेलकूद को तमाम परिवारों ने अपने जीवन का हिस्सा बनाया है। पेरेंट्स अब बेटा-बेटी में भेदभाव नहीं करते। ओलिंपिक के लिए यूपी का कोई खिलाड़ी क्वालिफाई करता है तो हम उसे 10 लाख रुपए की मदद देते हैं और स्पोर्ट्स किट भी देते हैं। अगर वह गोल्ड मेडल जीतता है तो एकल खेल में सरकार उसे 6 करोड़ रुपए देती है, साथ ही क्लास-1 की जॉब भी देती है। अगर टीम गेम है तो गोल्ड मेडल पर सरकार 3 करोड़ रुपए देती है। सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले को एकल खेल में 3 करोड़ और टीम गेम में डेढ़ करोड़ रुपए दिए जाते हैं। ब्रॉन्ज मेडल पर भी इसी तरह प्रोत्साहन राशि दी जाती है।

### 2036 ओलिंपिक ...

हम यह भी उम्मीद करते हैं कि अधिक से अधिक मेडल भारतीय खिलाड़ी जीतेंगे।

### दिल्ली ब्लास्ट से जुड़ी ...

इसके अलावा व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल की जांच में भी यूनिवर्सिटी का नाम आया था। इस मामले में NIA और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डॉ. मुजम्मिल और डॉ. शाहीन सईद समेत 10 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। ED ने 18 नवंबर को अल-फलाह ग्रुप से जुड़े ठिकानों पर रेड की थी। 12 घंटे चले सर्च के बाद ग्रुप के चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया गया था।

## 5 बार की चैंपियन कर्नाटक को 6 विकेट से हराया

# विदर्भ दूसरी बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में

**फैसला**

**बेंगलुरु, एजेंसी**

विदर्भ ने दूसरी बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। टीम ने गुरुवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में कर्नाटक को 6 विकेट से हरा दिया। इससे पहले विदर्भ 2024–25 सीजन में भी फाइनल तक पहुंच चुकी है।

बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने टॉस



जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पांच बार की चैंपियन कर्नाटक की टीम 49.4 ओवर में 280 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से करुण नायर ने सबसे ज्यादा 76 रन की पारी खेली। विदर्भ के लिए दर्शन नालकंडे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। 281 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विदर्भ की टीम ने अमन मोखड़े के शतक की बदौलत 46.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 284 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। कर्नाटक की ओर से अभिलाष शेट्टी ने 3 विकेट हासिल किए।

### श्रीजीथ-करुण की शतकीय साझेदारी

74 रन पर 3 विकेट गिरने के बाद कृष्णन श्रीजीथ ने करुण नायर के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 113 रन की अहम साझेदारी की। श्रीजीथ ने 53 गेंदों पर 7 चौकों की मदद से 54 रन बनाए। इसके बाद स्पिन ऑलराउंडर श्रेयस गोपाल ने 39 गेंदों पर 36 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि अभिनव मनोहर ने 33 गेंदों पर 26 रन जोड़कर कर्नाटक को 280 रन के स्कोर तक पहुंचाया।

## अमन मोखड़े की सेंचुरी



**विदर्भ की ओर से दर्शन नालकंडे ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। उन्होंने करुण नायर, ध्रुव प्रभाकर, श्रेयस गोपाल, अभिनव मनोहर और विद्याधर पाटील को पवेलियन भेजा।**

**दर्शन नालकंडे के अलावा यश ठाकुर ने 2 विकेट लिए, जबकि यश कदम और नचिकेत भुटे को 1-1 सफलता मिली।**

### करुण नायर की अर्धशतकीय पारी

कर्नाटक की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम के कप्तान मयंक अग्रवाल 9 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि शानदार फॉर्म में चल रहे देवदत्त पडिक्कल सिर्फ 4 रन ही बना सके। शुरुआती झटकों के बाद करुण नायर ने पारी को संभाला।

नायर ने 90 गेंदों में 76 रन की अहम पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 8 चौके और 1 छक्का लगाया। उन्होंने ध्रुव प्रभाकर (28 रन) के साथ अर्धशतकीय साझेदारी की, वहीं कृष्णन श्रीजीथ (54 रन) के साथ शतकीय साझेदारी कर कर्नाटक के स्कोर को मजबूत किया।

# डब्ल्यूपीएल में यूपी वॉरियर्ज की पहली जीत

## मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) के चौथे सीजन में यूपी वॉरियर्ज को 3 हार के बाद पहली जीत मिल गई। टीम ने गुरुवार को डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हरा दिया। नवी मुंबई के DY पाटील स्टेडियम में मुंबई ने 161 रन बनाए। यूपी ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई इंडियंस ने पावरप्ले में कोई विकेट नहीं गंवाया, लेकिन टीम का स्कोर 36 रन तक ही पहुंचा। जी कमलिनी 12 गेंद पर 5 रन बनाकर आउट हुईं। उनके सामने अमनजोत कौर ने 38 रन बना दिए। दोनों के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर भी 11 गेंद पर 16 रन ही बना सकीं।

13 ओवर तक मुंबई ने 78 रन तक 3 विकेट गंवा दिए। यहां से नैट



सिवर ब्रंट ने निकोला कैरी के साथ मिलकर टीम को 150 के पार पहुंचा दिया। सिवर-ब्रंट 43 गेंद पर 65 रन बनाकर आउट हुईं। कैरी 32 रन बनाकर नॉटआउट रहीं और टीम को 161 तक पहुंचा दिया।

यूपी वॉरियर्ज से शिखा पांडे, दीप्ति शर्मा, सोफी एकलस्टन और आशा सोभना को 1-1 विकेट मिला। एक बैटर रन आउट हुईं। क्रांति गौड़ और क्लो ट्रायोन कोई विकेट नहीं ले सकीं। 162 रन के टारगेट के सामने कप्तान मेग लैनिंग और किरण नवगिरे ने यूपी को मजबूत शुरुआत दिलाई।

# अंडर-19 वर्ल्ड कप में भारत की जीत से हुई शुरुआत

## अमेरिका को 6 विकेट से हराया, हेनिल पटेल को 5 विकेट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अंडर-19 मेंस वर्ल्ड कप में भारत ने जीत के साथ शुरुआत की है। टीम ने ओपनिंग मैच में अमेरिका को 6 विकेट से हरा दिया। बुलवायो में गुरुवार को इंडिया अंडर-19 ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी और अमेरिका को 107 रन पर आउट कर दिया। भारत ने फिर 17.2 ओवर में ही टारगेट हासिल कर लिया।

अमेरिका की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने 39 रन के स्कोर पर ही 5 विकेट गंवा दिए। अमरिंदर गिल 1, साहिल गर्ग 16, उत्कर्ष श्रीवास्तव 0, अर्जुन महेश 16 और अमोघ अरेपल्ली 3 रन बनाकर आउट हुए। अदनीत झांब ने फिर 18 रन बनाकर टीम को 50 के पार पहुंचाया। आखिर में नीतीश




सुदिनी ने 36 रन बनाकर टीम को 35.2 ओवर में 107 रन तक पहुंचा दिया। भारत से हेनिल पटेल ने 5 विकेट झटके। जबकि वैभव सूर्यवंशी, दीपेश देवेंद्रन, आरएस अंबरीश और खिलन पटेल को 1-1 सफलता मिली। एक बैटर रन आउट भी हुआ।

108 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को शुरुआती झटका लगा। वैभव सूर्यवंशी सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें अमेरिका के पेसर ऋत्विक अप्पीदी ने बोल्ड किया। भारत ने 4 ओवर में 1 विकेट खोकर 21 रन बना लिए, तभी बारिश होने लगी। खेल दोबारा शुरू हुआ तो टीम को 96 रन का रिवाइज्ड टारगेट मिला। कप्तान आयुष म्हात्रे 19 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद वेदांत त्रिवेदी 2 और विहान मल्होत्रा भी 18 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडु ने फिर कनिष्क चौहान के साथ मिलकर टीम को 18वें ओवर में जीत दिला दी। कुंडु 42 और कनिष्क 10 रन बनाकर नॉटआउट रहे।

### बांग्लादेश के खिलाफ कहर बरपाएंगे वैभव सूर्यवंशी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम ने अंडर-19 वर्ल्ड कप की दमदार शुरुआत की। टीम ने अपने पहले मैच में अमेरिका को हरा दिया। किसी भी टीम के लिए बड़े टूर्नामेंट की शुरुआत जीत के साथ करना काफी अहम होता है। अब भारत की कोशिश अपने इस विजयी क्रम को जारी रखने की होगी और अगले मैच में उसका सामना बांग्लादेश से है। इस मैच में नजरें एक बार फिर वैभव सूर्यवंशी पर टिकी होंगी।

भारत और बांग्लादेश के बीच इस समय संबंध अच्छे नहीं है। बीसीसीआई ने बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल-2026 से बाहर कर दिया था और इसके बाद बांग्लादेश भड़का हुआ है। ऐसे में इस मुकाबले की अहमियत और बढ़ गई है। टीम इंडिया इसमें हार बर्दाश्त नहीं कर सकती। बांग्लादेश में भारत और भारतीय टीम के लिए गुस्सा है। वहीं जीत के लिए जरूरी है कि वैभव अपना तूफानी रंग दिखाएं।

# आईसीसी ने अपनी गलती सुधारी

## रैंकिंग में कोहली के नंबर-1 रहने के दिन कम बताए थे, पहले भी हुई हैं कई गलतियां

**सुधार**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ICC ने इस सप्ताह जारी की गई रैंकिंग में एक गलती कर दी थी, जिसे अब काउंसिल ने सुधार लिया है। 14 जनवरी को जारी वनडे रैंकिंग में विराट कोहली नंबर-1 बल्लेबाज बने थे, लेकिन ICC ने गलती से उनके नंबर-1 रहने के कुल दिन कम बताए थे। बाद में ICC ने स्पष्ट किया कि विराट वनडे क्रिकेट में कुल 1,547 दिनों तक नंबर-1 बल्लेबाज रहे हैं।

14 जनवरी को ICC ने विराट कोहली से जुड़ा एक डाटा सोशल मीडिया पर साझा किया था, जो बाद में गलत साबित हुआ। गलती सामने आने के बाद ICC ने उस कॉपी को सुधार दिया। पहले ICC ने बताया था कि विराट कोहली कुल 825 दिनों तक वनडे रैंकिंग में नंबर-1 स्थान पर रहे हैं,



विराट कोहली फिलहाल नंबर-1 वनडे बैटर हैं।

जिसके आधार पर वे इस सूची में दुनिया में 10वें स्थान पर थे। हालांकि, आंकड़ों में सुधार के बाद ICC ने स्पष्ट किया कि विराट कुल 1,547 दिनों तक वनडे क्रिकेट में नंबर-1 बल्लेबाज रहे हैं। इस सही आंकड़े के साथ विराट अब इस सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा दिनों तक नंबर-1 रहने वाले बल्लेबाजों की सूची में उनसे आगे केवल वेस्टइंडीज के सर विवियन रिचर्ड्स (2,306 दिन) और ब्रायन लारा (2,079 दिन) हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) की रैंकिंग में पहले भी गलतियां हो चुकी हैं। भारत ढाई घंटे नंबर-1 रहा पहला मामला 18 जनवरी 2022 को हुआ था। जब ICC की ऑफिशियल वेबसाइट पर दोपहर 1:30 बजे के करीब भारत को नंबर-1 टेस्ट टीम बताया गया। फिर ढाई घंटे बाद ही 4 बजे भारत को नंबर-1 से हटाकर नंबर-2 टेस्ट टीम कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया फिर नंबर-1 टेस्ट टीम हो गई।

### विराट वनडे में 11वीं बार नंबर-1

विराट ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में 93 रन की पारी खेली थी, इसका उन्हें सीधा फायदा मिला। उनके अब 785 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं। विराट जुलाई 2021 के बाद पहली बार और ओवरऑल अपने करियर में 11वीं बार नंबर-1 वनडे बल्लेबाज बने हैं। पिछले हफ्ते वे नंबर-2 पर थे। उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा।

## मनोरंजन

## दावा- 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की असफलता के बाद लिया फैसला

# फिल्म हुई फ्लॉप तो कार्तिक आर्यन ने लौटाए ₹15 करोड़



**नई दिल्ली, एजेंसी**

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे की फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी 25 दिसंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई और फ्लॉप साबित हुई। वहीं, अब बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म के न चलने के बाद कार्तिक ने अपनी फीस से करीब 15 करोड़ रुपए प्रोड्यूसर्स को लौटा दिए हैं। हालांकि, रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से इन खबरों को गलत बताया गया है और साफ किया गया है कि दोनों के बीच किसी तरह की अनबन नहीं है। बताया गया है कि धर्मा की टैलेंट एजेंसी और कार्तिक के रिश्ते भी पहले जैसे ही हैं।

कार्तिक इस समय धर्मा प्रॉडक्शन्स की फिल्म 'नागजिला' की शूटिंग कर रहे हैं। धर्मा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि एक्टर और प्रोड्यूसर के बीच सब कुछ ठीक है और दोनों भविष्य में एक और फिल्म पर भी बातचीत कर रहे हैं। फिल्म तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी का अनुमानित बजट लगभग 90 करोड़ रुपए था। फिल्म की कमाई की बात करें तो इसने भारत में लगभग 32.45 करोड़ रुपए और दुनिया भर में लगभग 47.05 करोड़ रुपए से 49.5 करोड़ रुपए के बीच कारोबार किया था। इसी वजह से यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप मानी गई।



**फिल्म धर्मा प्रॉडक्शन्स के बैनर तले बनी थी और यह फैसला ऐसे समय सामने आया है, जब फिल्म के फ्लॉप होने के बाद कार्तिक और प्रोड्यूसर करण जौहर के बीच मतभेद की अटकलें लगाई जा रही थीं।**

**कार्तिक और अनन्या के अलावा फिल्म में जैकी श्रॉफ, नीना गुप्ता और टीकू तलसानिया जैसे कलाकार भी नजर आए।**

# 'मुस्लिम नाम होने से कोई परेशानी नहीं आई'

## फिल्म रामायण के लिए संगीत बना रहे ए.आर. रहमान बोले- यह आदर्शों की कहानी है

मुंबई। म्यूजिक कंपोजर ए. आर. रहमान ने फिल्म रामायण के लिए म्यूजिक तैयार करने को लेकर बुधवार को कहा कि रामायण मानवीय मूल्यों और आदर्शों की कहानी है। धर्म से परे ज्ञान हर जगह मिलता है। इस प्रोजेक्ट को लेकर उनके मुस्लिम नाम की वजह से उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। दरअसल, बीबीसी को दिए इंटरव्यू में रहमान से पूछा गया कि आप इस समय फिल्म रामायण के लिए म्यूजिक बना रहे हैं। आपका नाम मुस्लिम है और क्या आपके मन में कभी यह ख्याल आता है कि कुछ लोग शायद नहीं चाहेंगे कि आप इस तरह के प्रोजेक्ट से जुड़े हों? जिस पर रहमान ने



कहा कि नहीं, मुझे ऐसा नहीं लगता। मैंने ब्राह्मण स्कूल में पढ़ाई की है। वहां हर साल रामायण और महाभारत पढ़ाई जाती थी, इसलिए मुझे इसकी कहानी अच्छी तरह पता है। यह कहानी एक अच्छे इंसान, उसके चरित्र, ऊंचे आदर्शों और मूल्यों के बारे में है। लोग इस पर बहस कर सकते हैं, लेकिन मैं इन सभी अच्छी बातों को महत्व देता हूं।

### फिल्म का म्यूजिक दो फेमस कंपोजर्स बना रहे हैं

फिल्म रामायण का म्यूजिक दो जाने-माने कंपोजर्स मिलकर बना रहे हैं। रहमान फिल्म के गाने, संस्कृत श्लोक और इंडियन क्लासिकल म्यूजिक पर काम कर रहे हैं।

जबकि मशहूर हॉलीवुड कंपोजर हैंस जिमर बैकग्राउंड स्कोर और साउंडस्केप बना रहे हैं। जिमर ने द लायन किंग, ग्लेडिएटर, द डार्क नाइट ट्रिलॉजी और पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन जैसी कई फेमस फिल्मों के लिए म्यूजिक दिया है।

वहीं, फिल्म के गानों और भजनों के लिरिक्स कुमार विश्वास ने लिखे हैं।


# सामंथा ने पति राज के साथ मनाई पहली संक्रांति

## सेल्फी शेयर की, मस्ती भरे पोज में नजर आईं एक्ट्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने इस साल मकर संक्रांति को खास अंदाज में मनाया। उन्होंने यह त्योहार पहली बार अपने पति और फिल्ममेकर राज निदिमोरु के साथ सेलिब्रेट किया। सामंथा ने सोशल मीडिया पर राज के साथ एक सेल्फी शेयर की। तस्वीर में सामंथा और राज कार के अंदर बैठे नजर आ रहे हैं। दोनों ने ट्रेडिशनल ड्रेस पहनी है। राज सिंपल लुक में हैं, जबकि सामंथा मस्ती भरा और मजाकिया पोज देती दिखीं। 50 साल के राज निदिमोरू, फिल्ममेकर हैं। उनकी और डीके (कृष्णा दसराकोठापल्ली) की फिल्ममेकर जोड़ी फिल्म इंडस्ट्री में काफी पॉपुलर है। दोनों ने यूके से सॉफ्टवेयर





इंजीनियरिंग करने के बाद 2002 की फिल्म शादी डॉट कॉम से साथ में फिल्म इंडस्ट्री में करियर की शुरुआत की थी।

### उन्होंने फोटो के साथ कैप्शन लिखा, "संक्रांति वाइब्स"

सामंथा और राज ने 1 दिसंबर 2025 को कोयंबटूर के ईशा योग केंद्र में शादी की थी। कपल की शादी परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई थी। कपल ने सदगुरु के ईशा फाउंडेशन के लिंगा भैरवी मंदिर में प्राचीन योगिक परंपरा से भूत शुद्धि विवाह किया था। यह एक खास प्रक्रिया है, जिसमें शादी करने वाले दोनों लोगों के बीच ऐसा गहरा रिश्ता बनाया जाता है जो सिर्फ सोच, भावनाओं या शरीर तक सीमित न होकर शरीर के पांचों तत्वों के स्तर पर जुड़ता है।

### 2022 में सामंथा ने लिया था नागा चैतन्य से तलाक

सामंथा रुथ प्रभू और नागा चैतन्य फिल्म ये माया चेसावे में साथ नजर आए थे। इस फिल्म के सेट पर दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे और रिलेशनशिप में आ गए। 7 सालों तक रिलेशनशिप में रहने के बाद सामंथा ने साउथ स्टार नागा चैतन्य से साल 2017 में शादी की थी। दोनों की शादी हिंदू और क्रिश्चियन रीति-रिवाजों से हुई थी।

**"शादी के बाद सामंथा ने अपना सरनेम अक्किनेनी कर लिया था, हालांकि जुलाई 2021 में उन्होंने सामंथा अक्किनेनी से नाम सामंथा रुथ प्रभू कर लिया। इसके बाद से ही दोनों के तलाक की खबरें सामने आने लगीं और दोनों ने अक्टूबर 2021 में तलाक की अनाउंसमेंट कर दी।**

